

जीवन साथ भी रहे उपस्थित



बम्लेश्वरी मंदिर में की पूजा-अर्चना : केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में माता का दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस दौरान मंत्री श्री शाह ने देश की खुशहाली की कामना की।

# चंद्रगिरी में 108 अष्टधातु से बने आचार्यश्री विद्यासागर के चरण चिन्ह का गृहमंत्री शाह ने किया लोकार्पण, मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर की पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को यहां दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज के विनयांजली कार्यक्रम में शामिल हुए। चंद्रगिरि में आयोजित समारोह में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने 108 अष्टधातु से बने विद्यासागर महाराज के चरण चिन्ह का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने महाराज की स्मृति में भारत में 100 रुपए का सिक्का तथा उनके जीवन कंवल को वर्णित करने वाले 5 रुपए का लिफाफा का लोकार्पण किया।

इस अवसर पर केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री भारत सरकार अमित शाह ने कहा कि दिगम्बर जैन आचार्य विद्यासागर महाराज ने तपस्या का मार्ग अपनाया और अंतिम समय में उन्होंने पंचतत्व को आत्मसात किया। उनका शरीर कृशकाय होता गया। उनके जीवन से जैन समाज को आध्यात्मिक ऊर्जा मिलती है। उन्होंने अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया। ऐसे लोग विरले होते हैं। अहिंसा परमो धर्मः को समस्त विश्व में व्याख्यायित किया। उन्होंने जीवनभर जैन धर्म के सभी सिद्धातों का पालन किया। गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वसुधैव कुटुम्बकम, अहिंसा परमो धर्म की पोटली बांधकर उनके संदेशों का विश्व में प्रचार कर रहे हैं। गृहमंत्री ने कहा कि यह संत परंपरा का सम्मान है और इसकी आज समाज को बहुत जरूरत है। उनके सिद्धांत, उपदेश, विचार संदेश बनकर युगों-युगों तक अमर रहेंगे। उनका जीवन त्याग, संयम, तपस्या से परिपूर्ण रहा। देश की संत परंपरा समृद्ध रही है और भारत भूमि में संत परंपरा का निर्वहन किया जाता रहा है। यहां के संतों ने देश को एकता के सूत्र में बांधा है और भक्ति के माध्यम से राष्ट्रीय चेतना की लौ जलाए रखी है। उन्होंने धर्म, दर्शन, आध्यात्म के साथ राष्ट्र प्रेम के प्रति जनसामान्य को जागरूक किया है। उन्होंने बताया कि शरीर क्षण भंगुर है और पंचतत्व का उदाहरण दिया। उन्होंने समाधि के भूमिपूजन के लिए सभी को साधुवाद एवं शुभकामनाएं दी।



## जुटे देशभर के श्रावक-श्राविकाएं

इस अवसर पर मुनिश्री पवित्रसागर जी, मुनिश्री आगमसागर जी, मुनिश्री पुनीत सागर जी, वरिष्ठ आर्यिका गुरुमति माताजी, आर्यिकारत्न दृणमति माताजी, जैन समाज के अशोक पाटनी, महोत्सव के अध्यक्ष विनोद बडज़ात्या, श्रीकांत प्रभात जैन, विनोद जैन, मनीष जैन एवं जैन समाज के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में जनसामान्य उपस्थित थे।

## कन्या विद्यालय का लोकार्पण

एलक धैर्य सागर महाराज जी द्वारा रचित अंतर्यात्री महायात्रा नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। निर्यापक श्रमण श्री समतासागर महाराज जी द्वारा रचित समाधि संबोधन नामक पुस्तक का विमोचन किया गया। डिजिटल माध्यम से प्रतिभास्थली विद्योदय ज्ञानपीठ रोजगारोन्मुखी निःशुल्क कन्या विद्यालय कारोपानी डिंडोरी मध्यप्रदेश का लोकार्पण किया।

### बैलेट पेपर से होंगे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव, 17 को पहले चरण का मतदान

# 14 ने छोड़ा मैदान, 13 सीटों में 53 के बीच मुकाबला, गैंदाटोला में सर्वाधिक 9 प्रत्याशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय के बाद अब त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर भी नामांकन और नाम वापसी की प्रक्रिया समाप्ति के साथ ही ग्रामीण चुनाव की भी तस्वीर साफ हो गई है। जिले की 13 जिला पंचायत सीटों के लिए 53 प्रत्याशी मैदान में हैं। जबकि 14 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया। सर्वाधिक 9 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला में देखने को मिलेगी। वहीं तीन सीटों पर आमने-सामने की लड़ाई होगी।

उल्लेखनीय है कि 27 जनवरी से त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। तीन फरवरी तक नामांकन दाखिले के बाद छह फरवरी तक नाम वापसी का समय दिया गया था। जिला पंचायत के लिए कुल 68 अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन दाखिल किया था। जिसमें स्क्रूटनी के दौरान सिंघोला से नामांकन दाखिल करने वाली एकता चंद्राकर का फार्म रिजेक्ट कर दिया गया था। वहीं नाम वापसी की प्रक्रिया के तहत कुल 14 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस ले लिया। अब चुनावी मैदान में 53 प्रत्याशी ही शेष रह गए हैं।

## क्षेत्रवार प्रत्याशी एवं चिन्ह

**क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा-** दीपक बाई चंद्रकाम दो पत्तिया, किरण बारले उगता सूरज, मधु भुनेश्वर बघेल पतंग, वैजन्त्री देवी सांडे छाता
**क्षेत्र क्रमांक 2 लिटिया-** कविता साहू दो पत्ति, ललिता साहू उगता सूरज, रामकुमारी देवांगन पतंग, शीला सिन्हा छाता
**क्षेत्र क्रमांक 3 टेडेसरा-** अंगेश्वर देशमुख दो पत्ती, भागवत साहू उगता सूरज, चंदन कश्यप पतंग, चंद्रिता तिवारी छाता, मधुकर बंजारे गाड़ी, संजय यादव फावड़ा और बेलचा, संतोष देशमुख बिजली का बल्ब
**क्षेत्र क्रमांक 4 सिंघोला-** देवकुमारी साहू दो पत्ती, गीता साहू उगता सूरज, मधुबाला देशमुख पतंग, शालिनी टोप्पो छाता
**क्षेत्र क्रमांक 5 अर्जुनी-** इन्दुवती साहू दो पत्ती, रीता नाहटा उगता सूरज, विभा साहू पतंग
**क्षेत्र क्रमांक 6 आसरा-** जागृति चुन्नी यदु दो पत्ती, नीलम साहू उगता सूरज
**क्षेत्र क्रमांक 7 तुमड़ीबोड़-** गिरधर वर्मा दो पत्ती, होमदत्त वर्मा उगता सूरज, महेन्द्र यादव पतंग, निर्मला सिन्हा छाता, रामनाथ वर्मा गाड़ी
**क्षेत्र क्रमांक 8 बेलगांव-** अनिता तिवारी दो पत्ती, कविता अग्रवाल उगता सूरज, किरण साहू पतंग, पुष्पा वर्मा छाता, सिंधु टाण्डिया गाड़ी
**क्षेत्र क्रमांक 9 राका-** प्रभा साहू दो पत्ती, प्रशांत कोडापे उगता सूरज, रघुवर प्रसाद अग्रवाल पतंग
**क्षेत्र क्रमांक 10 बोरतलाव-** अनिता भंडावी दो पत्ती, रामछतरी चंद्रवंशी उगता सूरज
**क्षेत्र क्रमांक 11 बम्हनी-** अश्वनी मण्डलोई दो पत्ती, बिरम मंडावी उगता सूरज
**क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला-** आजेन बंजारे दो पत्ती, अलख साहू उगता सूरज, चुम्मन साहू पतंग, गिरधारी छाता, हिरेंद्र साहू गाड़ी, किरण वैष्णव फावड़ा और बेलचा, किरण साहू बिजली का बल्ब, लेखराम चंद्रवंशी सिलाई मशीन, राजकुमारी सिन्हा हाथ चक्की
**क्षेत्र क्रमांक 13 कुमर्दा-** गोपाल सिंह भुआर्य दो पत्ती, कांति भंडारी उगता सूरज, प्रताप सिंह घावड़े पतंग

**पति-पत्नी भी मैदान में :** जिला पंचायत चुनाव में दंपत्ति भी अपनी किस्मत आजमाते नजर आ रहे हैं। दो बार के जिपं सदस्य रहे अंगेश्वर देशमुख क्षेत्र क्रमांक 4 से चुनाव लड़ रहे हैं। वहीं उनकी पत्नी मधुबाला देशमुख क्षेत्र क्रमांक 4 से मैदान में है। वहीं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल की पत्नी मधु बघेल क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से जिला पंचायत के चुनावी मैदान में है।

## अलग-अलग दिन चुनाव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे। पहला चरण 17 फरवरी को होगा। अविभाजित जिले में राजनांदगांव जनपद, छुईखदान जनपद एवं मानपुर जनपद पहले चरण में शामिल हैं। इसकी मतगणना 18 फरवरी को होगी। दूसरा चरण के लिए मतदान 20 फरवरी को होगा। वहीं इसकी मतगणन 21 फरवरी को की जाएगी। छुरिया जनपद, खैरागढ़ जनपद एवं मोहला जनपद में दूसरे चरण के दौरान चुनाव होंगे। तीसरा चरण का मतदान 23 फरवरी एवं मतगणना 24 फरवरी को कराए जाएंगे। डोंगरगढ़ एवं डोंगरगांव जनपद और अंबागढ़ चौकी जनपद में तीसरे एवं अंतिम चरण के दौरान चुनाव संपन्न कराएं जाएंगे।

## अब ग्रामीण इलाकों में बढ़ेगी चुनावी सरगर्मी

ज्ञात हो कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिले की 13 जिला पंचायत, चार जनपद पंचायत के अंतर्गत 100 जनपद सदस्य, 110 सरपंच और 1612 पंच पदों के लिए नामांकन मंगाए गए थे। 3 फरवरी तक चली नामांकन की प्रक्रिया के लिए बड़ी संख्या में नेताओं ने फार्म दाखिल किए थे। जिसके बाद नाम वापसी के लिए छह फरवरी तक का समय दिया गया था। अब नाम वापसी और चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद प्रत्याशी अपना प्रचार-प्रसार शुरू करेंगे। जिसके चलते गांव में भी राजनीतिक गतिविधियों में तेजी देखने को मिलेगी।

# ओवरब्रिज में मोटर साइकिल को वाहन ने ठोका, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रेलवे ओवरब्रिज में दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही है। गुरुवार की दोपहर शहर से चिखली की ओर जा रहे बाइक सवार युवक को अज्ञात वाहन ने पीछे की ओर से ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना पर चिखली चौकी पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। वाहन की पतासाजी की जा रही है।

प्राप्त जानकारी अनुसार शहर के महावीर चौक से चिखली जाने वाले रेलवे ओवरब्रिज में गुरुवार दोपहर एक सड़क हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर मामले को जांच में लिया। इधर घटना के बाद ओवरब्रिज में जाम के हालात भी निर्मित हो गए थे, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवागामन को सुगम बनाया।

**आए दिन दुर्घटनाएं :** महावीर चौक से चिखली की ओर जाने का प्रमुख मार्ग रेलवे ओवरब्रिज है, जहां छोटे-बड़े वाहनों का लगातार आवागमन बना रहा है। यातायात का जबर्दस्त दबाव होने के कारण उक्त मार्ग में आए दिन गंभीर दुर्घटनाएं हो रही है। पूर्व में भी उक्त मार्ग में गंभीर दुर्घटनाएं हो चुकी है। वहीं उक्त सड़क की हालत भी दयनीय दशा में है।

ओवरब्रिज के अंतिम छोर शंकरपुर एवं स्टेशनपारा जाने के लिए जो मोड़ है, वह भी खतरनाक साबित होने लगा है। बहरहाल आज हुए उक्त दुर्घटना के मामले में पुलिस अज्ञात वाहन की पतासाजी करने जुटी हुई है।

## ओवरब्रिज के ढलान पर हुई घटना

गुरुवार दोपहर लगभग 12 बजे के आसपास एक मोटर साइकिल में पार्रीकला निवासी महावीर यादव 40 वर्ष जो राजनांदगांव सब्जी मंडी में हमाली का काम करता था। महावीर चौक की ओर से चिखली की ओर जा रहा था। संभवतः वह गठुला होते हुए अपने गांव जाने के लिए निकला था। वह रेलवे फ्लाई ओवर के ढलान में पहुंचा ही था कि वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। अज्ञात वाहन ने पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं उसकी दोपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं इस सड़क हादसे के बाद फ्लाई ओवर में वाहनों का जाम लग गया, जिसे मशक्कत के बाद पुलिस ने आवागमन को सुगम बनाया।

# शराब खरीदने आए युवक का मोबाइल चोरी, दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



शराब दुकान के पास एक व्यक्ति का मोबाइल चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

प्रार्थी लुकेश्वर साहू 29 साल निवासी ग्राम बोडना थाना अर्जुन्दा जिला बालोद ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 फरवरी को करीबन साढे 12 बजे मोहारा बायपास राजनांदगांव स्थित शासकीय मदिरा दुकान मे शराब खरीदने के लिए लाईन में लगा हुआ था। अज्ञात व्यक्ति द्वारा इसके जेब से रेडमी नोट कंपनी का मोबाइल को चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 303(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर जांच की। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से चोरी गए रेडमी नोट को बरामद कर आरोपी नवीन 29 साल निवासी नंदई कुंआ चौक और शेख मकसूद 30 साल निवासी डबरीपारा हाट बाजार के पीछे को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

**सीसीटीवी कैमरा से मिला सुराग :** थाना प्रभारी बसंतपुर एमन साहू के नेतृत्व पर अज्ञात आरोपी की सरगर्मी से पतातलाश की जा रही थी तथा शराब भट्ठी के आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरा की जांच पर आरोपियों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया।

# इनामी नक्सल कमांडर ने पत्नी संग किया आत्मसमर्पण, दोनों पर था 10 लाख का ईनाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

दंडकारण्य के माड डिवीजन प्रेस युनिट के ईनामी कमांडर ने अपनी पत्नी के साथ गुरुवार को मोहला-मानपुर-अं.चौकी पुलिस अधीक्षक के समक्ष आत्मसर्पण कर दिया। नक्सली कमांडर और उसकी पत्नी पर 5-5 लाख रुपए का ईनाम घोषित था। नक्सल दंपत्ति संगठन के विचारों से मोहभंग, निराशा और संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद के चलते और जिले में चलाए जा रहे आपरेशन प्रयास से प्रभावित होकर पुलिस के समक्ष आत्मसर्पण किया।

आईजी दीपक झा के मार्गदर्शन व मोहला-मानपुर एसपी वायपी सिंह के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे माओवादी उन्मुलन अभियान के तहत डीआरजी टीम एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल तथा जिला पुलिस बल द्वारा किए जा रहे संयुक्त प्रयासों तथा छग शासन की नई पुनर्वास व आत्मसर्पण नीति योजना से प्रभावित होकर दण्डकारण्य के माड डिविजन प्रेस युनिट के कमांडर पवन तुलावी उर्फ सोमलाल ने अपनी पत्नी पायके ओयाम के साथ 6 फरवरी को मोहला-मानपुर एसपी के समक्ष आत्मसर्पण किया।

## 2008 से जुड़ा था नक्सल संगठन में



समर्पित नक्सली पवन तुलावी मोहला-मानपुर जिले के मदनवाड़ा क्षेत्र के दोरदे गांव का रहने वाला है और एरिया कमेटी सदस्य माड़ डिविजन प्रेस युनिट कमांडर के रूप में कार्यरत था। पवन वर्ष 2008 में मदनवाड़ा-कोडेकुर्से एलओएस में भर्ती होने के बाद वर्ष 2009 से 2012 पल्लेमाड़ी एलओएस में कार्य किया। वर्ष 2013 से 2019 तक माड़ डिविजन के जनताना सरकार में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए वर्ष 2016 में एसीएम के पद पर पदोन्नत किया गया। वर्ष 2020 से समर्पण होने तक माड डिविजन प्रेस युनिट कमांडर के रूप में काम कर रहा था।

## सुरक्षा गार्ड में शामिल थी पायके

उसकी पत्नी पायके ओयाम बीजापुर के ताडबलला की रहने वाली है और प्लाटून नं. 16 की पीपीसीएम रही। वर्ष 2011 में इंद्रावती एरिया में चेतना नाट्य मंच में कार्य किया। वर्ष 2012 में जनताना सरकार स्कूल ग्राम रेकावाही में पढ़ाई करने के बाद वर्ष 2014 में केंद्रीय कमेटी एवं पोलित ब्यूरो सदस्य सोनू उर्फ भूपति की सुरक्षा गार्ड की सदस्या के रूप में काम की। वर्ष 2018 में प्लाटून नं. 16 में ट्रांसफर किया गया।

### ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने विजय संकल्प सभा

# 13 माह में मोदी की हर गारंटी पूरी: मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव के तहत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजनांदगांव शहर में जनसंपर्क करते शहर के तीन स्थानों पर लगभग दो दर्जन से अधिक वार्ड की चुनावी सभाओं को संबोधित किया।

चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि डबल इंजन की सरकार बन गई है। अब नगर सरकार बनाकर ट्रिपल इंजन की सरकार बनाना है। आने वाली 11 तारीख को कमल छाप का बटन दबाकर महापौर और पार्षद प्रत्याशियों की जीताना है। उन्होंने कहा कि 13 माह में मोदी की बड़ी-बड़ी गारंटी पूरी हुई है। उन्होंने तीन तारीख को महतारी वंदन योजना के रुपए भेजकर 12वीं किस्त देने की जानकारी महिलाओं को दी। वहीं पीएससी घोटाले पर कार्रवाई की जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने भविष्य में चिखली ओवरब्रिज के नवनिर्माण की जानकारी दी। गौरीनगर स्कूल मैदान में आयोजित विजय संकल्प सभा में 10 वार्ड के पार्षद प्रत्याशी उपस्थित रहे।

⏭ शेष पेज 12 पर



## मधु को जीताने रमन ने की अपील

सभा को संबोधित करते डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आप लोगों ने भांचा और कका को यहां से हराकर वापस भेजा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव गली-मोहल्ले और शहर का चुनाव है। आपके घर के बेटे मधुसूदन यादव को महापौर पद पर जीताकर लाना है। इस दौरान डॉ. रमन सिंह ने सभी प्रत्याशियों का स्वागत कराया।

## भाजपा प्रत्याशियों के लिए जनता से मांगा आशीर्वाद

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अपनी चुनावी सभा की शुरूआत गौरीनगर क्षेत्र से वार्ड से की। वहीं उन्होंने लखोली क्षेत्र और तुलसीपुर क्षेत्र में भी दस-दस वार्डों की संयुक्त सभाओं को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी की विजय संकल्प सभा के दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाओं की उपस्थिति रही।




## खबर संक्षेप

### बुद्धुभरदा में मड़ई आज

**अर्जुनी।** ग्राम पंचायत बुद्धूभरदा में कल 7 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन महाकाल उत्सव समिति द्वारा किया गया है। देवी देवताओं की पूजा-अर्चना कर मड़ई शुभारंभ किया जायेगा। मंडई के बाद 8 एवं 9 फरवरी को जनजागरण समिति ने रामायण का आयोजन किया है। ग्राम के शुभम साहू, गजेंद्र रंगारी, जीतूदास साहू, विक्की यादव, संजय यादव, संदीप साहू, संजू सिन्हा, चिंटू यादव, मनीष आदि ने लोगों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### छग लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा 9 को

**खैरागढ़।** रविवार 9 फरवरी को छग पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा आयोजन के साथ जिले मे पहली दफे इसकी शुरूआत होगी। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के विशेष पहल पर दो सत्रो मे आयोजित होने वाली परीक्षा को लेकर नोडल अधिकारी व एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू ने बताया कि परीक्षा आयोजन को लेकर आवश्यक तैयारियॉं पूरी हो गई है। प्रशिक्षण आयोजित कर आयोग द्वारा जारी प्रवेश पत्र व मूल पहचान पत्र लाने, ओएमआर सीट भरने की जानकारी सहित अन्य निर्देशो को केन्द्राध्यक्ष, सहायक केन्द्राध्यक्ष सहित वीक्षको को विस्तार से जानकारी दी गई है। उनहोने बताया कि जिले में छग लोक सेवा आयोग की प्रारंभिक परीक्षा का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। रविवार 9 फरवरी को सुबह 10 से 12 और दोपहर 3 से 5 बजे तक दो सत्रो में परीक्षा होगी। इसके लिए दो परीक्षा केन्द्र पहला 2901 रानी रश्मिदेवी सिंह शासकीय कालेज खैरागढ़ मे 450 परीक्षार्थी शामिल होंगे वही दूसरे परीक्षा केन्द्र 2902 पीएमश्री पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शासकीय आदर्श हिन्दी/अंग्रजी मिडियम स्कूल में 459 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। संबंध मे नोडल अधिकारी टंकेश्वर प्रसाद साहू, प्रभारी अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर अविनाश ठाकुर, सहायक नोडल अधिकारी डॉ जितेन्द्र कुमार साखरे द्वारा परीक्षा दौरान मौजूद रहने वाले अधिकारियो कर्मचारियो को बैठक व्यवस्था, सुरक्षा सहित अन्य जवाबदारियो के निर्वहन का प्रशिक्षण दिया गया।

### दवा लेने आई महिला से आभूषण की ठगी

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव से दवाई लेने शहर आई एक महिला को झांसे में लेकर आरोपियों ने उसके आभूषण की ठगी कर ली। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक प्रार्थिया डोंगरगांव निवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह दवाई खरीदने के लिए राजनांदगांव आई थी। पैदल सिनेमा लाइन स्थित दवाई दुकान में दवाई लेने जा रही थी। इस दौरान उसके पास तीन अज्ञात व्यक्ति पहुंचे। जिसमें दो पुरूष एवं एक महिला थी। उससे जेवर की ठगी कर ली। रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### युवक की हत्या से सनसनी

**राजनांदगांव।** साल्हेवारा क्षेत्र के एक गांव के बाड़ी के पीछे युवक मृत अवस्था में मिला। जिसके गले पर गंभीर चोंट के निशान हैं। पुलिस इस मामले में अपराध दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार साल्हेवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम राजाभर निवासी भारत पांचे मृत अवस्था में अपने बाडी के पीछे मिला। जिसकी जानकारी होने पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। गत रात्रि हुए इस घटनाक्रम की पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। पुलिस इस मामले में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर सरगर्मी से आरोपी का सुराग लगाने जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार मृतक के गले में गंभीर चोंट के निशान है। इस मामले में लोगों से पूछताछ भी की जा रही है।

### निधन

**श्रीमती पूनम झा**



**राजनांदगांव।** शिवनाथ कालोनी निवासी व अधिवक्ता विपिन झा की पत्नी श्रीमती पूनम झा का 6 फरवरी को निधन हो गया।

---

### नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद चुनावी तस्वीर साफ

# पैलीमेटा सीट में सर्वाधिक प्रत्याशी साल्हेवारा में आमने-सामने की जंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही जिले में पहली बार हो रहे जिपं चुनाव मे क्षेत्रवार प्रत्याशियों की तस्वीर स्पष्ट हो गई है। दस सीटों वाले जिपं क्षेत्र में 63 अभ्यर्थियों ने नामांकन फार्म जमा किया था। जिसमें 15 अभ्यर्थियों ने मैदान छोड़ा। नाम वापसी और चुनाव चिंह आबंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सबसे ज्यादा क्षेत्र 2 पैलीमेटा में आठ प्रत्याशी है जबकि क्षेत्र क्रमांक 1 साल्हेवारा मे भाजपा कांग्रेस के बीच आमने सामने का मुकाबला है। क्षेत्र 3 कटंगी और 10 ठेलकाडीह में त्रिकोणीय, क्षेत्र 4 भुरभुसी और 8 बाजार अतरिया मे चतुष्कोणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है। क्षेत्र 5 उदयपुर और 7 मुढ़ीपार मे आधा आधा दर्जन प्रत्याशी मैदान में है जबकि क्षेत्र 6 पांडादाह में सात प्रत्याशी ताल ठोकेंगे।

क्षेत्र क्रमांक 1 साल्हेवारा हेमलता मंडावी भाजपा दो पत्ती और केकती राजेंद्र मरावी कांग्रेस उगता सूरज के बीच सीधा मुकाबला है। क्षेत्र 2 पैलीमेटा परमेश्वरी सिन्हा भाजपा बिजली का बल्ब, निर्मला विजय वर्मा कांग्रेस फावड़ा और बेलचा के अलावा गीता टांडेकर झुलपे दो पत्ती, ज्योति संतोष साहू उगता सूरज, कांता मीतराम साहू पतंग, किरण पुखराज सिंहा छाता, मंद्रिका मरकाम गाड़ी और सेरेना नगपुरे सिलाई मशीन को मिलाकार आठ के बीच मुकाबला होगा। क्षेत्र 3 कटंगी से प्रियंका खम्हन ताम्रकार भाजपा पंतग, कविता अशोक जंघेल कांग्रेस दो पत्ती के अलावा कुंवरिया बाई उगता सूरज निशान लेकर मैदान में है। क्षेत्र 4 भुरभुसी विक्रांत सिंह भाजपा छाता, शत्रुहन मन्नू चंदेल कांग्रेस पतंग, अजय वर्मा दो पत्ती और ज्ञानेंद्र देवराज जंघेल उगता सूरज के बीच मुकाबला होगा। क्षेत्र 5 उदयपुर में ललित चोपड़ा भाजपा फावड़ा बेलचा, कामदेव जंघेल कांग्रेस गाड़ी, बिरेंद्र वर्मा दो पत्ती, देवराज पटेल उगता सूरज, फत्तूराम गंगबोईर पतंग और गुलशन तिवारी छाता निशान लेकर चुनावी दंगल में ताल ठोकेंगे।

#### प्रचार प्रसार में जुटेंगे प्रत्याशी

क्षेत्र 6 पांडादाह में दिनेश वर्मा भाजपा उगता सूरज, लीलाधर वर्मा कांग्रेस पतंग, देवसिंग साहू दो पत्ती, सुरेश साहू वकील छाता, विनोद वर्मा गाड़ी, योगेश कुमार चंदेल बिजली का बल्ब और विप्लव साहू फावड़ा बेलचा लेकर मतदाताओं से समर्थन मांगेंगे। क्षेत्र 7 मुढ़ीपार से लिमेश्वरी हेमू साहू भाजपा उगता सूरज, तारा पाल कांग्रेस गाड़ी, अरूणा राजू सिंह दो पत्ती, माधुरी नेताम पतंग, रेखा देवदास छाता और वंदना वर्मा फावड़ा बेलचा चुनाव चिंह आबंटित हुआ है। क्षेत्र 8 बाजार अतरिया से जमुना नरेश कुर्रे भाजपा दो पत्ती, लक्ष्मी सिरमौर कांग्रेस पतंग, कुशल लक्ष्मण डेहरे उगता सूरज और रानी युवराज मांडले छाता निशान लेकर मतदाताओं के पास जाएंगे। क्षेत्र 9 जालबांधा से जंत्री साहू भाजपा पतंग, दशमत जंघेल कांग्रेस उगता सूरज, चित्रा गुरूदेव आप दो पत्ती, योगेश्वरी लीला साहू गाड़ी और शताक्षी सिंह को छाता चुनाव चिंह एलाट हुआ है। क्षेत्र 10 ठेलकाडीह में भुनेश्वरी जीवन देवांगन भाजपा उगता सूरज, खेमेश्वरी वर्मा कांग्रेस पंतग और आरती वर्मा दो पत्ती चुनाव चिंह लेकर मतदाताओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील करेंगी।

#### जनपद में आठ ने लिया नाम वापस

खैरागढ़ जनपद में आठ अभ्यर्थियों ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए नामांकन वापस लिया है जिसमें क्षेत्र क्रमांक 8 टोलागॉंव से दिलेश्वरी वर्मा, चारभाठा 9 से भीमसेन टंडन, सिंगारपुर 10 से संजूबाई देशलहरे, विक्रमपुर 11 से शैलेंद्र त्रिपाठी, अकरजन 13 से भोजराम साहू, खजरी 19 से सूरज वर्मा, 23 शेरगढ़ से माधव बंजारे और रेंगाकठेरा 24 से अनिल कुमार वर्मा शामिल है। नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद जनपद के 25 क्षेत्रों में 92 प्रत्याशियों के बीच घमासान मचेगा।

#### अधिकृत नहीं होने से छोड़ा मैदान

जिसमें नाम वापसी की समय सीमा तक क्षेत्र क्रमांक एक साल्हेवारा से आशा प्रमोद उइके, सोनाली विक्रम उइके, क्षेत्र क्रमांक चार भुरभुसी से रमेश साहू, भिझेश यादव, भगवती प्रसाद वर्मा, अनिल यादव और आत्मा यादव, क्षेत्र क्रमांक पांच उदयपुर से शशिदेवी जंघेल, नंदकुमार चंदेल और शिवनंदन जंघेल, क्षेत्र क्रमांक सात मुढ़ीपार से आरती रिंकू महोबिया और लोकिन खेमलाल निषाद, क्षेत्र क्रमांक नौ जालबांधा से तरूण कमलेश साहू, प्रणेती कन्हैयालाल जैन और आर्यांस संतोषी डड़सेना ने नाम वापस लिया है।

---

# बिना काम के कर दिया भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ग्राम पंचायत द्वारा में बगैर काम के राशि को पंचायत प्रतिनिधियों के परिजनों आदि के खाते में ट्रांसफर करने का खुलासा सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त दस्तावेजों से हुआ है। ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत जिलाधीश एवं जिला पंचायत सीईओ से कर 2020 से 2024 तक 15 वें वित, मूलभूत व अन्य मद से हुए खर्च की जांच करने की मांग किया है।


ग्राम के प्रेमलाल वर्मा ने बताया कि सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने पर गड़बड़ी को जनवरी से नवम्बर 2024 तक की जानकारी उपलब्ध नहीं कराये जाने पर उच्च कार्यालय में अपील किया गया है।

जानकारी के अनुसार कुछ लोगों के खाते में 12 लाख से अधिक राशि का हस्तानांतरण किया गया है। जिनके खाते में राशि जमा किया गया है उनके नाम पर हार्डवेयर दुकान नहीं है। पता चला रहा है एक सप्लायर सरपंच का रिश्तेदार है। उसके नाम से 16 से अधिक बिल बनाकर लाखों का दुरूपयोग किया गया है।

#### दी अधूरी जानकारी

सूचना के अधिकार के तहत प्राप्त कैश बुक, वाउचर और रसीद बुक का अवलोकन करने से पता चलता है सरपंच ने अपने छोटे भाई के तीन बिल बनाकर 15 वें वित्त, मूलभूत मद व अन्य मद से 17 लाख से अधिक एफटीओ किया है। जारी बिल में जीएसटी नंबर तक नहीं है जबकि नियमानुसार बिल भुगतान के लिए जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। कई बिल 98 हजार से अधिक के है।

### रामकथा का वाचन 10 से 16 तक



**घुमका।** बड़े टेमरी में श्री जगन्नाथ मंदिर अमलीपदर के कथावाचक पं. युवराज पांडे द्वारा रामकथा का वाचन आगामी 10 से 16 फरवरी तक करेंगे। गौठान के पास स्थित शीतला मंदिर में 9 फ़रवरी को नव दुर्गा द्वादस ज्योतिर्लिंग प्राण प्रतिष्ठा कर हवन पूजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा के पहले 8 फ़रवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी। आयोजक समिति के सदस्य राधेश्याम हरमुख ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारी पूरी कर ली गई है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

---

### स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित



हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

बसंत पंचमी के अवसर पर उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा में जनसहयोग से मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की गई। इस मौके पर विधि-विधान से पूजा अर्चना किया गया। मुख्य यजमान प्राचार्य आरके देवांगन, व्याख्याता आरडी देवांगन, टीएल देवांगन, लिखन राम सर्पा थे। पूजन कार्य अजय पाठक ने पूरा कराया। पूजन, हवन और आरती के बाद व्याख्याता हर्षा देवांगन ने स्वरचित सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इसी क्रम में तारिणी, रीवा और नगमा ने बसंत पंचमी मनाने के कारण बताए एवं भजन प्रस्तुति किया। प्रतिमा स्थापना में सहयोग के लिए आरडी देवांगन, ओपी चुरेंद्र, चंद्रप्रकाश सोनबोईर , आरके देवांगन और रीना बोरकर का सम्मान किया गया। अंति में प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चन्द्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, डीके मोहनमाला, लिलेंद्र देवांगन, चंद्रभान देवांगन, नेहा साहू, भागवत साहू , वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, ख़ोमिन साहू, लीकेश्वरी भंडारी, संजय साहू , अनुराधा खरे, बिंदु साहू, योगिता सिन्हा आदि उपस्थित थे।

# नर्मदा मेला महोत्सव 10 से, तैयारी शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा में आगामी 10 फरवरी से तीन दिवसीय माघ पूर्णिमा मेला महोत्सव शुरू होने वाला है। परिसर एवं मेला स्थल की सफाई के साथ मंदिर का रंग रोगन किया जा रहा है। मंदिर में बने भित्ति चित्र को ध्यान में रखकर आकर्षक केसरिया रंग से सजाया जा रहा है। इसके अलावा राधा कृष्ण, राम जानकी, संतोषी आदि मंदिर की भी सज्जा किया जा रहा है। इस साल आचार संहिता को ध्यान में रखकर महोत्सव को आयोजित करने की तैयारी है। मंदिर समिति के अध्यक्ष बिसाहू राम सिन्हा ने बताया कि इस बार मंचीय कार्यक्रम को स्थगित कर दिया गया है। तीन दिन तक महाआरती का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। वहीं स्वीकृति मिलने पर शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।



#### दुकानों का आबंटन अटका

माघ पूर्णिमा मेला शुरू होने में कुछ ही दिन शेष हैं। जानकारी अनुसार मेला की व्यवस्था एवं दुकान आबंटन अटका हुआ है। जानकारी अनुसार यह जिम्मेदारी विभागीय आदेश पर पंचायत द्वारा किया जाता है, वर्तमान में अधिकारी के चुनाव कार्य में व्यस्त तथा पंचायत प्रतिनिधि के शिथिल होने से कार्य अटका है। मंदिर समिति यह जिम्मेदारी लने में असमर्थता जाहिर किया है।

# वार्षिकोत्सव में उत्कृष्ट विद्यार्थी सम्मानित



**सड़क अतरिया।** नर्मदा विद्यालय खैरा नर्मदा में विगत दिवस वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लाला जगदलपुरी छत्तीसगढ़ राज्य अलंकरण से सम्मानित डॉ पीसी लाल यादव थे। अध्यक्षता अधिवक्ता मोतीलाल जंघेल ने किया। विशिष्ठ अतिथि गौतमचंद जैन, मनहरण जंघेल, राजेश ताम्रकार, गीताराम वर्मा, धीरज वर्मा, रमेश जंघेल, केशलाल मंडावी, कमलेश मिश्रा, जीतम धनकर थे। अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। संस्था के अध्यक्ष पुलेन्द्र जंघेल, सचिव देवकुमार जंघेल एवं प्रधान पाठक घना राम ने अतिथियों को सम्मानित किया।

इस मौके पर वर्ष 2023-24 के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रतिक चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने पारंपरिक एवं देश भक्ति गीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया। संचालन अपराजिता मिश्रा ने किया। कार्यक्रम में अनेकलाल पटेल, निसार मोहम्मद, सहदेव साहू, दुलौरिन जंघेल, दामिनी पांडेय, अनामिका वर्मा आदि शामिल हुए।

# विवि में भारत रंग महोत्सव का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



नर-नारी उर्फ थैंक्यू बाबा लोचनदास की नाट्य प्रस्तुति के साथ इन्दिरा कला संगीत विवि में भारत रंग महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति सत्य नारायण राठौर ने किया।

विशिष्ट अतिथि एनएसडी बीएनए के पूर्व निदेशक दिनेश खन्ना, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो.मृदुला शुक्ल सहित एनएसडी संकाय सदस्य दीपांकर पाल थे। कुलपति सत्य नारायण राठौर ने कहा कि 6 दिनों तक हम विभिन्न भाषाओं में नाटकों का आनंद लेंगे। नाटक में भाषाओं की बाधा नहीं होती, उसे देखकर ही समझा जा सकता है। उन्होंने सभी दर्शकों को नाटक का आनंद लेने और स्टुडेंअ्स के लिए बेहतर अवसर बताते हुए कहा कि नाटक से बहुत कुछ सीखकर अपने जीवन में बेहतर कर सकते हैं। उन्होंने नाटक को नाटक की तरह देखने की बात कही। अपने जीवन को जिस दिन नाटक की तरह देखने में सफल हो गए उस दिन आपका जीवन भी सफल हो जाएगा। 6 दिवसीय आयोजन को लेकर उनहोने विवि सहित एनएसडी की टीम को बधाई दी। एनएसडी के पूर्व निदेशक दिनेश खन्ना ने कहा कि विवि भ्रमण दौरान विभिन्न कलाओं को देखकर मन प्रफुल्लित हो गया। सौभाग्यशाली है कि ऐसी जगह यह कार्यक्रम हो रहा है जो कला तीर्थ की तरह है। उद्घाटन समारोह बाद नर-नारी उर्फ थैंक्यू बाबा लोचनदास नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। नाटक विचारोत्तेजक, लैंगिक संबंधों और सामाजिक मापदंडों की जटिलताओं का पड़ताल करता दिखा जो शुरु में कॉमेडी रूप में दिखाई दिया लेकिन अंत में पुरुषत्व और स्त्रीत्व के इर्द गिर्द गहरे मनोवैज्ञानिक संघर्षों को उजागर करता दिखा। कार्यक्रम का संचालन छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ देवमाईत मिंज और आभार प्रदर्शन भारंगम संयोजक डॉ योगेन्द्र चौबे ने किया।



नियम व शर्ते : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

## खबर संक्षेप

### जस गायन स्पर्धा 8 से

**चिचोला।** रंगीटोला में दो दिवसीय देवी जस गायन एवं झांकी प्रतियोगिता का आयोजन युवा शीतला समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से 8 और 9 फरवरी को रखा गया है। स्पर्धा में कई मंडली शामिल होगी। यह जानकारी सेवाराम माली ने दी।

### कर्मचारी हो रहे मताधिकार से वंचित

**डोंगरगढ़।** नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। दूसरे चरण का प्रशिक्षण गुरूवार को राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया आयोजित किया गया। निर्वाचन कार्य हेतु विकासखंड शिक्षा अधिकारियों की लापरवाही के चलते निकाय क्षेत्र के सैकड़ो कर्मचारियों की डयूटी अन्य निकाय क्षेत्र में लगा दिया गया है जिससे वह मतदान के अधिकार से वंचित हो रहे हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को शहरी क्षेत्र के मतदाता कर्मचारियों की ड्यूटी निर्वाचन में नहीं लगाने का निर्देश दिया है परंतु अधिकारी इस आदेश का पालन नहीं कर रहे है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन मनमानी की निंदा करते हुए शहरी क्षेत्र ऐसे कर्मचारियों को जिन्हे चुनाव कार्य में लगाया है को तत्काल अलग करने की मांग की है। संघ के शैलेंद्र यदु, राकेश तिवारी, जीवन वर्मा, हंसकुमार मेश्राम, देवेंद्र साहू, मनोज वर्मा, महेश ऊइके, रतिराम कन्नौजे, राजेश साहू, संदीप साहू, मनीष पसीने, दिनेश कुरैटी, गिरीश हिरवानी, अनिल शर्मा सहित अन्य ने कार्यवाही की मांग की है।

### फाइलेरिया से ग्रामीणों को किया जागरूक

**डोंगरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आगामी 10 फरवरी से फाइलेरिया की दवाई खिलाया जाएगा। इस संबंध में प्राथमिक शाला मड़ियान के छात्र-छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर फाइलेरिया के प्रति ग्रामीणजनों को जागरूक किया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उदासाबाई, शिक्षक मुकेश कांडे, श्रीकांत कांडे, बिहान समुह के सदस्य उपस्थित थे।

### परीक्षा सिर पर, चुनावी शोर से पढ़ाई बाधित



**डोंगरगांव।** नगर के छात्रसंघ ने मंगवार को अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंप कर ध्वनि यंत्र के उपयोग पर अंकुश लगाने की मांग की है। उन्होंने ज्ञापन में बताया कि नगरीय निकाय का चुनाव के प्रत्याशियों द्वारा प्रचार के लिए ध्वनि विस्तारक यंत्रों का मनमाने तरीके से उपयोग किया जा रहा है। चुनावी शोर से छात्रों को दिक्कत हो रही है साथ ही पढ़ाई भी बाधित हो रही है। उन्होंने निकट भविष्य में होने वाली परीक्षा को देखते हुए अगले दो माह तक ध्वनि विस्तार यंत्र के उपयोग पर रोक लगाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान युवराज, अमन, प्रियांश, अभिनव, लव, चिराग, ललित, साहिल, भूपेन्द्र, वेदांशु, गौतम, त्रिभुवन, अतुल, लक्की, पुष्कर आदि मौजूद थे।

### मतदान दलों को द्वितीय प्रशिक्षण



**गंडई पंडरिया।** निकाय निर्वाचन अंतर्गत मतदान दलों का द्वितीय प्रशिक्षण नगर पंचायत गंडई के सभाकक्ष में 6 फरवरी को आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर कौशलसिंह राजपूत एवं सीताराम पाल ने मतदान दिवस में किए जाने वाले कार्य के संबंध में मतदान दलों को प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में नगर पंचायत की रिटर्निंग ऑफिसर रेणुका रात्रे एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अविनाश देवांगन उपस्थित थे।

## भूमाफिया सक्रिय, प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

# तालाब की जमीन का सौदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

सरकारी जमीनों पर कब्जा कर बेचने के बाद लोग अब जंगल और तालाब की जमीन बेचने लगे हैं। हाल ही में अछोली में डुबान की जमीन को खरीदने के बाद बेचने की तैयारी हो गई थी किन्तु सीमांकन होने से यह खेल उजागर हो गया।

सीमाकंन से खुलासा हुआ है कि रजिस्ट्री कराई गई जमीन में डुबान की सरकारी जमीन है। ग्राम पटेल घनश्याम साहू ने बताया कि बड़ा तालाब में भू माफिया ने किसानों को गुमराह कर डूबान जमीन की रजिस्ट्री कराया ई है जबकि सब जानते हैं कि यह जमीन सरकारी डुबान भूमि है। जानकारी के अनुसार 1988 में इस जमीन का मुआवजा भी जल संसाधन विभाग द्वारा किसानों को दिया जा चुका है लेकिन इन जमीनों की रजिस्ट्री धड़ल्ले से हो रही है। अछोली क्षेत्र में इस तरह का मामला पहले भी सामने आ चुका है। भू माफिया ने सरकारी जमीन की खरीद फरोख्त कर प्रशासन को गुमराह किया था। अवैध प्लाटिंग का मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने औपचारिकता निभाते हुए जमीन के कुछ टुकड़ों को प्रतिबंधित किया था लेकिन बाकी की अब भी खरीदी बिक्री जारी है। ताजा फर्जीवाड़े पर एसडीएम मनोज मरकाम ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।



**सरकारी जमीन पर कब्जा**

ग्राम अछोली में भू-माफिया के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह सरकारी जमीन पर कब्जा करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जल संसाधन विभाग की लापरवाही का फायदा उठाते हुए तालाब के डुबान क्षेत्र और चारों ओर की जमीन पर कब्जा जमा लिया। मुआवजा का भुगतान होने के बाद भी उसी जमीन की रजिस्ट्री भी करा लिया है।

## कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ने मैदान छोड़ा

■ अब किसी और को प्रत्याशी बनाएगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र में हुए नाटकीय घटनाक्रम की तरह आज जनपद पंचायत के कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ने नाम वापस ले लिया।

जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत के निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 10 माथलडबरी में कांग्रेस ने सरपंच आशा भूषण देवांगन को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया था। नाम वापसी के अंतिम दिन नाटकीय घटना क्रम में श्रीमती देवांगन ने नाम वापस लेकर कांग्रेस संगठन को सकते में डाल दिया है। ब्लाक कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष गणेशराम साहू ने भी नाम वापसी की पुष्टि करते हुए बताया कि उक्त क्षेत्र में अब किसी अन्य को अधिकृत उम्मीदवार घोषित किया जाएगा।

## कांग्रेसजनों ने किया पूर्व सीएम का स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ढारा रोड से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के गुजरने की खबर मिलने के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसानो ने उत्साह के साथ स्वागत किया। कांग्रेस नेत्री पुष्पा वर्मा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा आदि ने अपने समर्थकों के साथ ढारा पहुंचकर आतिशबाजी करते हुए स्वागत किया।

कांग्रेस नेता राजू वर्मा के जन्मदिन पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने केक काटकर खिलाया। इस अवसर पर विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, नवाज खान, गोकुल वर्मा, शामसाय टांडेकर, पंचराम चंदेल, लालाराम वर्मा, राजू राजपूत, गौकरण वर्मा, हेमिन भारती, दीपक पाटिला, अर्जुन वर्मा, पलटूराम लहरे, सालिक, पार्वती चंदेल, अहिल्या रामेश्वर कंवर, गौतम वर्मा, सतानंद कंवर, ईश्वर, भजनू चंदेल, पिंटू वर्मा, रंजीत भारती, राजू वर्मा, फत्तू वर्मा, गुलशन लिल्हारे, पोमेश लोधी, डोमेश वर्मा, कार्तिक वर्मा, लंकेश भारती, मदन खुटेल, अमरपाल भारती, कविता जोशी, मोहनी भारती, दिनेश खुटेल, तुलाराम, अरविंद टांडेकर, खीरू वर्मा, पंकज वर्मा, भुरु वर्मा आदि मौजूद थे।

# नदी नालों से रेत का खनन जारी



### बिगड़ रही नदी नालों की दशा

अवैध उत्खनन से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है साथ ही नदी नालों की दिशा और दशा बदल रही है। अवैध रूप से रेत निकालने वाले दिनरात खनन करने में लगे है। बेजा खनन से आने वाले समय इसके गंभीर परिणाम देखने मिल सकते हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।

**डोंगरगढ़।** चुनाव प्रक्रिया के दौरान अधिकारियों की व्यस्तता का फायदा उठाते हुए खनिज माफिया अवैध उत्खनन करने जुटा है वहीं जमीनी कर्मचारी रोकने के बजाए लेनदेन कर मामले को रफादफा करने में लगे हैं। खनिज विभाग की लापरवाही से कई नदी नालों से अवैध उत्खनन हो रहा है।

जानकारी के अनुसार राजस्व विभाग अमला उन वाहनों को नहीं पकड़ता जिनसे मंथली बंधा है। इस मामले में अधिकारियों की टीम के साथ क्षेत्र के कुछ अन्य के नाम सामने आ रहे हैं, जो कार्रवाई के दौरान मौके पर जाकर सेटलमेंट करवाते है। एक सप्ताह में अधिकारियों ने थाने में गाड़ी खड़ी करवाकर राजसात करवाने की धमकी दिया किन्तु बाद में बेजा वसूली कर गाड़ी को छोड़ दिया। थाना प्रभारी जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि गाड़ी को पकड़कर अवैध उगाही करने की जानकारी मिली है। जानकारी मिली है कि मुड़पार जामरी एवं माटेकट्टा नदी नालों से रोजाना दर्जनों ट्राली रेत निकाली जा रही है। खनिज विभाग के उदासीन रवैये के चलते ट्रेक्टर ट्राली से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इस आशय की जानकारी होने के बाद अधिकारी चुप्पी साधे हुए है।

# संगोष्ठी में बजट के प्रभाव पर गहन चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पं. देवीप्रसाद चौबे मविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग ने बजट 2025-26 पर समीक्षा संगोष्ठी आयोजित किया। संगोष्ठी में बजट की नीतियों और संभावित प्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों और विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता प्राचार्य डॉ डीपी कुर्रे ने कहा कि यह बजट कृषि, एमएसएमई, निवेश और निर्यात पर केंद्रित है। उन्होंने 100 फीसदी एफडीआई को बीमा क्षेत्र में लागू करने के प्रभाव पर चर्चा करते हुए बताया कि इससे विदेशी निवेश बढ़ेगा, लेकिन स्थानीय बीमा कंपनियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। विशेष वक्ता डॉ एनएस वर्मा ने बढ़ती बेरोजगारी दर और विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव जैसे मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर में निवेश से



रोजगार के नए अवसर बन सकते हैं, लेकिन स्वचालन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के कारण पारंपरिक नौकरियों में कमी आ सकती है। विदेशी मुद्रा भंडार पर बढ़ते दबाव को देखते हुए निर्यात और स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने की जरूरत है। संचालन दीपांशु यादव ने किया। अर्थशास्त्र विभाग के गौरव जैन ने समापन टिप्पणी दी। कार्यक्रम में प्रो टीएल वर्मा, बीआर वर्मा, असित साहू, शुभम दुबे, नेदा सिद्दीकी सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# कार्य को आसान बनाती है तकनीकः शाह

■ संचार कौशल पर आयोजित हुई कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम के निर्देशन एवं पीएम उषा नोडल अधिकारी डॉ. एके धमगाये के सहयोग से संचार कौशल विषय पर पांच दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया।

चौथे दिन कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दिग्विजय महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक डॉ. अनिता शाह थी। श्रीमती शाह ने तकनीकि शिक्षा



पर व्याख्यान दिया। उन्होंने संचार के माध्यम, संचार चैनल, संचार तकनीक का वर्णन करते हुये संचार के पांच माध्यम प्रेषक, प्राप्त करने वाला, एक सिस्टम से दुसरे सिस्टम में जानकारी बदलना, विश्लेषण, प्रतिक्रिया तकनीकि शिक्षा के भविष्य प्रवित्तियाँ जैसे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एजुकेशन, वर्चुअल रियलिटी, एग्युमेंटेड रियालिटी, स्वयं, स्वयं प्लस, एलएमएस, मुक्स, मॉड्यूल, आदि की जानकारी देते हुए वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन करना छात्राओं को सिखाया। उन्होंने तकनीक में आ रहे बदलाव, उपयोगिता, लाभ, हानियां आदि के बारे में भी बताया।

श्रीमती शाह ने कहा कि संचार तकनीकि हमारे काम को आसान करने तथा सीखने के लिए डिजिटल प्लेटफार्म देता है जिसके माध्यम से हम कहीं भी किसी भी विषय पर जानकारी हासिल कर सकते हैं।

संचालन नूतन साहू तथा सुश्री नेहा वैष्णव ने किया। अंत में कार्यक्रम प्रभारी सुश्री चंचल स्टेला कुजूर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### ईव्हीएम का डेमोंस्ट्रेशन

**मोहला।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ज़िला प्रशासन ने ज़िला निर्वाचन अधिकारी एवं रिटर्निंग अधिकारी के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन के पूर्व नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के वार्डवासियों को ईव्हीएम मशीन के उपयोग का डेमोंस्ट्रेशन दिया जा रहा।

# पिंकी लोढ़ा ने प्रचार में झोंकी ताकत

■ बढ़ रही निकाय चुनाव की सरगर्मियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

मतदान की तिथि करीब आने के साथ ही नगर पंचायत के अध्यक्ष पद की निर्दलीय प्रत्याशी पिंकी ललित लोढ़ा ने प्रचार अभियान को और तेज कर दिया है। वहीं उनके परिजन और समर्थक भी जीत के लिए एड़ी चोटी का प्रयास करने जुट गए है। लगातार जनसंपर्क करने से उनके पक्ष में माहौल बनने लगा है।

प्रचार अभियान को गति देते श्रीमती लोढ़ा ने बुधवार को डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क किया। उन्होंने मतदाताओं से रूबरू मुलाक़ात कर समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बेटी और बहू अपने घर को संवारती है वैसा ही वह शहर को संवारने का प्रयास करेंगी। वह लोगों को अधिक से अधिक मूलभूत सुविधा मुहैया कराने का प्रयास करेंगी। इस मौके पर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष ललित लोढ़ा सहित बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा उनके साथ मौजूद थे।



### बागियों पर भाजपा मेहरबान

नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के आधा दर्जन उम्मीदवार बगावत करते हुए मैदान में डटे हुए है। पार्टी नाम वापसी के पहले उन्होंने मनाने में जहां नाकाम रही है वहीं उन पर अब तक कार्रवाई भी नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि पांच साल पहले हुए निकाय के चुनाव में टिकट नहीं मिलने के बाद डिकेश साहू और सिद्दीक बड़गुजर ने निर्दलीय प्रत्याशी की हैसियत से चुनाव लड़ा था। उन्होंने क्रमशः भाजपा उम्मीदवार और पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण गुप्ता और पूर्व उपाध्यक्ष गुलशन हिरवानी को पराजित किया था। जानकारी के अनुसार मौजूदा चुनाव में महिला मोर्चा की पूर्व अध्यक्ष सरिता ढीमर अध्यक्ष, सिद्दीक बड़गुजर, अक्षय जैन, राकेश देवांगन, विकास गुप्ता, जितेन्द्र सोनकर पार्षद पद का चुनाव लड़ रहे हैं।

## पर्व के महत्व पर डाला प्रकाश

# श्रद्धा से मनाया बसंत पंचमी विद्यादायिनी सरस्वती की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

नीरज विद्या मंदिर मोहड़ में बसंत पंचमी श्रद्धा के साथ मनाई गई। एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पुष्पा बाजपेयी एवं प्राचार्य अंजुम जहान ने माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि बसंत पंचमी का दिन हमें सकारात्मक परिवर्तन लाने प्रेरित करता है। प्राचार्य अंजुम जहान ने पर्व की महत्ता को रेखांकित किया। व्याख्याता डॉ लोकेश शर्मा ने भी संबोधित किया।

**राजनांदगांव।** हैहयवंशी कसेर समाज की महिलाओं ने विजेता हरिहारनो के निवास में कार्यक्रम आयोजित कर बसंत पंचमी पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया। मां सरस्वती की पूजा के बाद कई मनोरंजक गेम आयोजित किए गए जिसमे महिलाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। महिलाओं ने भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम में महिला कसेर समाज की अध्यक्ष सुनीता हरिहारनो,







कोषाध्यक्ष ममता हरिहारनो, उपाध्यक्ष सुनंदा, सदस्य विजेता, अनिता, संगीता, सरस्वती, लता, सपना भारद्वाज, विभा, आरती, नीपा, शशि, राजकुमारी हरिहारनो आदि शामिल हुई। सभी महिलाओं ने गर्मी के दिनों में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी और मुसाफिरों की प्यास बुझाने के लिए पानी का मटका रखने का निर्णय लिया। सभी ने स्वविवेक से शत प्रतिशत मतदान करने का निर्णय लिया।

## सर्व मंगलकारी है राम कथा



**खुज्जी।** शिवनाथ नदी तट पर स्थित ब्रह्मचारी आश्रम में आयोजित रामकथा में राजपुर के मानस काग महाराज ने पहले दिन कथा का वाचन करते हुए बताया कि जो मानव से मानव को मिला दे और दूरियों को कम करे वही राम चरित मानस है। उन्होंने बताया कि रामचरित मानस एक ऐसा दिव्य ग्रंथ है जिसमे उल्लेखित कथा अमरत्व प्रदान करती है। जो सच्ची भक्ति और नियम पूर्वक राम कथा का श्रवण करेगा उसकी सकल कामनाओं की पूर्ति होगी क्योंकि राम कथा कल्प वृक्ष के समान है। उन्होंने बताया कि रामचरित मानस के सात कांड वह सात सीढ़ियां है जो मनुष्य को ऊंचाइयों की ओर ले जाती है। उन्होंने रामकथा को सर्व मंगलकारी बताया।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज

Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### एनबीआईएस बोरी में मना ब्लेसिंग सेरेमनी



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी में कक्षा 12वीं के बच्चों के लिए ब्लेसिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में सर्वप्रथम संस्था के संस्थापक नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, प्राचार्य एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया । संस्था द्वारा इस सत्र के 2024-25 के 12वीं के छात्रों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में संस्था के समस्त अथॉरिटी व शाला के शिक्षकों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद स्वरूप संबोधन किया गया, ताकि बच्चे अपने आने वाले नए भविष्य के लिए तैयार रहे। समारोह में कक्षा 12वीं के बच्चों द्वारा अपनी शाला जीवन के अंतिम वर्ष के लिए भावुकता भरा संवाद प्रस्तुत किया गया। समारोह अवसर पर शाला द्वारा कक्षा 12वीं के सभी छात्रों को स्मृति स्वरूप प्रतीक चिन्ह भेंट की गई। शाला में 12वीं कक्षा के कुछ छात्र संस्था में नर्सरी से पढ़ते आए हैं, ऐसे बच्चे अपने पंद्रह वर्ष की यात्रा को याद करते भावुक हो गए। उनके नर्सरी से लेकर 12वीं तक के सफल को वीडियो के माध्यम से दिखाया गया। समारोह में शाला परिवार के समस्त कर्मचारियों द्वारा बच्चों को आशीर्वाद तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गई।

### अग्रहरि समाज के अध्यक्ष व अन्य ने किया भाजपा प्रवेश



**राजनांदगांव।** अग्रहरि समाज के अध्यक्ष एवं पूर्व एल्डरमैन प्रभात गुप्ता राजा ने बुधवार को भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर अपने 35 साथियों के साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह के समक्ष एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, महामंत्री सौरभ कोठारी एवं दक्षिण मंडल अध्यक्ष प्रशांत गुप्ता गोलू, सुमित भाटिया, महेश सोनी, आकाश चोपड़ा, प्रियंक सोनी एवं अन्य की उपस्थिति में भाजपा में प्रवेश किया।

अभिषेक सिंह ने प्रभात गुप्ता एवं अन्य सभी को पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता लेने वालों में रामकिशोर गुप्ता, मुकेश देवांगन, धनराज बंजारे, संतोष जैन, चिन्मय अग्रहरि, तन्मय पटेल, रजत अग्रहरि, दीपक पांडे, उमेश भारती, विनोद टंडन, ताम्रध्वज चंद्राकर, सिद्धार्थ वैष्णव, मिथिलेश श्रीवास, अनुज गुप्ता, संतोष वर्मा, ढलेश्वर साहू, तुषार छाजेड़, राजेंद्र मारकंडे, अवन भारती, गणेश शर्मा, राहुल सिन्हा, राकेश मराठा, मोहनी रानी, भावना वर्मा, हितेश कुमार, प्रशांत पटेल डोमार वर्मा शामिल हैं।

### गायत्री विद्यापीठ में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व



**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ में बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मां गायत्री, मां सरस्वती एवं पूज्य गुरूदेव, वंदनीया माताजी के तैलचित्रों पर माल्यार्पण के साथ पूजा-अर्चना की गई। साथ ही हवन-पूजन का भी आयोजन करवाया गया। जिसमें कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के विद्यार्थियों के साथ-साथ गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, प्राचार्य शैलजा नायर, पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, वंदना डुंभरे, प्रशासक अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा, आचार्य ओमवती सिंग, टीएस ठाकुर एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

प्राचार्य शैलजा नायर ने कहा कि यह पर्व हम सभी के लिए विशेष महत्व रखता है। आज ही के दिन गायत्री परिवार एवं देवसंस्कृति विवि के प्रणेता, गायत्री मंत्र को जन-जन तक पहुंचाने वाले पूज्य गुरूदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य का हम आध्यात्मिक जन्मदिवस भी मनाते हैं। आज ही के दिन पूज्य दादा गुरूदेव ने उन्हें उनकी पूजा स्थली पर मार्गदर्शन देकर विश्व कल्याण के मार्ग में जाने प्रेरित किया, जिन्होंने कठोर तप-साधना के द्वारा मानव से महामानव बनकर जनकल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। पूज्य गुरूदेव के कार्यों में हम सहभागी बनकर उनके धरती पर स्वर्ग के अवतरण की कल्पना को साकार करने में सहभागी बने। यह पर्व हम सभी में नवचेतना का संचार करता है। विद्यार्थियों ने गुरूजनों को वसंत पर्व की शुभकामनाएं देते चरण स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

### यूएसए का कैरियर काउंसिल गाइडेंस कार्यक्रम 9 को



**राजनांदगांव।** नीरज बाजपेयी ग्रुप आफ स्कूल द्वारा 9 फरवरी को शहर के एबिस ग्रीन जीई रोड में यूएस के सिलिकॉनवैली के विशेष विशेषज्ञों द्वारा बच्चों के भविष्य के सही मार्गदर्शन के लिए कैरियर काउंसिल गाईडेंस का कार्यक्रम रखा गया है। इस कैरियर गाइडेंस में सिलिकान वैली के फाउंडर एवं सीईओ सुशील झा के मार्गदर्शन में बनी टीमः वाइस प्रेसिडेंट ट्रेनिंग एंड आपरेशन गुंजन झा, वाइस प्रेसिडेंट कस्टमर एक्सपिरियंस एंड फिल्ड ओप्स संजय चक्रवर्ती तथा टैलेंट विस्परर डॉ. मीरा देसाई और सीनियर मैनेजर ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड कस्टमर सक्सेस भुवेश शर्मा की टीम द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया जाएगा। यह शहर के लिए पहला अवसर होगा, जब कैरियर गाइडेंस के लिए उच्च स्तरीय टीम द्वारा बच्चों के साथ पालकों को मार्गदर्शित किया जाएगा। इस कैरियर गाइडेंस का मुख्य उद्देश्य बच्चों को अपने भविष्य के लिए तैयार करना है, ताकि बच्चे सही समय में सही विषय का चुनाव कर सके। कार्यक्रम में टीम द्वारा बच्चों को सही दिशा प्रदान की जाएगी, जो निश्चय ही उनका भविष्य उज्ज्वल करेगी । भविष्य की योजना बनाना, सही विषय का चुनाव करना, विषय में एकाग्रता, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, कान्फिडेंस आदि अनेक विषयों पर उचित गाइडेंस दी जाएगी। पालकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है, जब पालक अपने बच्चे के लिए सही निर्णय ले। इसके लिए पालकगण आमंत्रित है। 10वीं से 12वीं कक्षा के लिए संध्या 6 से 7.45 तथा 6वीं से 9वीं कक्षा के लिए रात्रि 8 से 9.30 बजे तक समय निर्धारित किया गया है। एनबी ग्रुप आफ स्कूल के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा राजनांदगांव के समस्त पालकों से आग्रह किया है कि इस अवसर का लाभ लें और अपने बच्चों का भविष्य सुरक्षित करें।

### मानस सम्मेलन 8 से

**डोंगरगढ़।** ग्राम अछोली में आगामी 8 एवं 9 फरवरी को मानस प्रचार सम्मेलन का आयोजन किया गया है। आयोजक समिति के सदस्यों ने अंचल के लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

## चुनाव चिन्ह को लेकर कलेक्टोरेट में दिनभर जुटी रही प्रत्याशियों की भीड़

# बांधाबाजार में सर्वाधिक 11 प्रत्याशी, मोहला सीट में नम्रता के खिलाफ तीन शकुन्तला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नवगठित मोहला-मानपुर-चौकी जिले में पहली बार हो रहे जिला पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर दस सीटों में 53 प्रत्याशियों के बीच तगड़े मुकाबले की स्थिति निर्मित हो रही है। नाम वापसी की प्रक्रिया निपटने के बाद बांधाबाजार सीट में सर्वाधिक 11 प्रत्याशी मैदान में हैं। वहीं मोहला सीट में जिला भाजपा की अध्यक्ष नम्रता सिंह के खिलाफ तीन शकुन्तला नाम की प्रत्याशी होने से यहां रोचक मुकाबले के आसार दिखाई दे रहे हैं।

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत जिला पंचायत सदस्य के चुनाव में नाम वापसी की प्रक्रिया के गुरुवार को निपटने के साथ ही निर्वाचन आयोग ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन कर दिया है। चुनाव चिन्ह को लेकर प्रत्याशियों की भीड़ आज दिनभर मोहला कलेक्टोरेट में जुटी रही।




### प्रचार अभियान होगा शुरू

प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह का आबंटन होने के साथ ही कल से चुनाव प्रचार शुरू हो जाएगा। भाजपा और कांग्रेस ने अपने अधिकृत प्रत्याशियों की घोषणा भी कर दी है। ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि एक-दो दिनों के भीतर पंचायत चुनाव की गरमाहट गांव में दिखाई देने लग जाएगी।

### दो पत्ती और उगता सूरज प्रत्याशियों की पसंद

जिला पंचायत की दस सीटों पर हो रहे चुनाव में प्रत्याशियों को दो पत्ती और उगता सूरज सर्वाधिक रास आया। इसके साथ ही अधिकांश प्रत्याशियों ने पतंग और छाते के जरिये चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी की है।

### औंधी और मानपुर में त्रिकोणीय मुकाबला

जिला पंचायत चुनाव में औंधी और मानपुर सीट में त्रिकोणीय मुकाबले की स्थिति निर्मित हुई है। वहीं कौड़ीकसा सीट में पांच प्रत्याशियों के बीच जंग होगी।

### कहां कौन प्रत्याशी

- **क्षेत्र क्रमांक एक चिल्हाटी-** गायत्री लाडेश्वर दो पत्ती, कु. संघमित्रा धारगावे उगजा सूरज, संतोषी लाउत्रे पतंग, शांतिबाई त्रिपुरे छाता, श्वेता उमरे गाड़ी।
- **क्षेत्र क्रमांक दो आमाटोला -** अनिला लाडेश्वर दो पत्ती, कोमिन नागेश्वर उगता सूरज, लक्ष्मी नेताम पतंग, ममता साहू छाता, शेषवरी धुर्वे गाड़ी, तीजनबाई फावड़ा और बेलचा।
- **क्षेत्र क्रमांक तीन बांधाबाजार -** चैतराम सिन्हा दो पत्ती, चंद्रेश राय उगता सूरज, धरमपाल सुकदेवे पतंग, डॉ. होलीलाल यादव छाता, किशोर जुरेशिया गाड़ी, मुस्ताक अतीक फावड़ा और बेलचा, नेहरूराम रजक बिजली का बल्ब, पन्नालाल मेश्राम सिलाई की मशीन, रमेश खंडेलवाल हाथ चक्की, मो. शफी मेमन टेबल पंखा, सतीश चंदेले स्लेट।
- **क्षेत्र क्रमांक चार कौड़ीकसा -** अरूण गोआर्य दो पत्ती, कुंजाम सुधा शाह उगता सूरज, रौशनी विमल साहू पतंग, सविता सोरी छाता, सुनीता पांडे गाड़ी।
- **क्षेत्र क्रमांक पांच वासड़ी -** विरेन्द्र मसिया दो पत्ती, डुमेश्वर प्रसाद तारम उगता सूरज, खोरबहराराम पतंग, नरसिंह भंडारी छाता, नोहरूराम कुरेटी गाड़ी, रूपसिंह ध्रुर्वे फावड़ा और बेलचा, साधुराम नेताम बिजली का बल्व।
- **क्षेत्र क्रमांक छह मोहला -** नम्रता सिंह दो पत्ती, शकुन्तला उगजा सूरज, शकुन्तला नेताम पतंग, शकुन्तला नेताम छाता।
- **क्षेत्र क्रमांक सात गोटाटोला -** हिंसाराम सहारे दो पत्ती, इंद्रासन पिस्दा उगता सूरज, लखनलाल कलामे पतंग, बीएस पाटिल छाता।
- **क्षेत्र क्रमांक आठ औंधी -** भोजेश शाह मंडावी दो पत्ती, दिनेश शाह मंडावी उगता सूरज, गोविंद शाह वालको छाता।
- **क्षेत्र क्रमांक नौ मानपुर -** राधिका अंधारे दो पत्ती, सुशीला भंडारी उगजा सूरज, उत्तराबाई दर्रो पतंग।
- **क्षेत्र क्रमांक दस खड़गांव -** अनिता कोराम दो पत्ती, कथादेवी मोहन नेताम उगजा सूरज, कविता राणा पतंग, महावती कोमरे छाता, रेखाबाई कोठारी गाड़ी।

### पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की आज दो स्थानों पर चुनावी सभा



**राजनांदगांव।** छग प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कल शुक्रवार को शहर में दो स्थानों पर चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। भूपेश बघेल 7 फरवरी की शाम 4 बजे शहर के चिखली चौक में चुनावी आमसभा कर कांग्रेस पार्टी के महापौर और पार्षद प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान की अपील करेंगे। वहीं शाम 4.45 बजे नंदई चौक में आयोजित चुनावी आमसभा में शामिल होकर जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके बाद शाम 5.30 बजे स्थानीय महेश्वरी भवन में संयुक्त समाज के प्रमुखों के साथ बैठक कर कांग्रेस पार्टी की जीत के लिए चुनावी रणनीति बनाएंगे।

### मधु आज चार वार्डों में करेंगे प्रचार



**राजनांदगांव।** नगर निगम महापौर चुनाव के भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव कल 7 फरवरी को अपने चुनाव जनसंपर्क अभियान के तहत चार वार्ड में दौरा करेंगे। भाजपा प्रत्याशी श्री यादव दोपहर एक बजे महावीर वार्ड में सदर बाजार, आजाद चौक और गंज लाइन, दोपहर दो बजे कन्हारपुरी वार्ड, दो-तीन बजे रेवाडीह वार्ड तथा शाम चार बजे बजरंगपुर नवागांव वार्ड का दौरा करेंगे। इस दौरान वार्ड पार्षद पद के भाजपा प्रत्याशी भी उपस्थित रहेंगे।

## बौद्ध सम्मेलन में पहुंचे देश-विदेश के अनुयायी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी प्रज्ञागिरि स्थल पर आयोजित 32वां अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन में देश-विदेश के उपासक-उपासिकाओं सहित बौद्ध धर्मगुरू एवं भदंत भंते ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर कार्यक्रम के साक्षी बने। धम्मसेना नायक आर्य नागार्जुन सुरई ससाई की उपस्थिति में आयोजन पूर्व से चली आ रही परंपरा के अनुरूप संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरूआत कालकापारा स्थित बौद्ध विहार से विशाल रैली के साथ शुरू हुआ। कालकापरा होते हुए छिरपानी, संजय नगर मार्ग में पड़ने वाले समस्त बौद्ध विहार में तथागत भगवान गौतम बुद्ध, डॉ. बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर के प्रतिमा के समक्ष वंदना, परित्राण पाठ करते रैली प्रज्ञागिरि तीर्थ स्थल पहुंची, जहां देश-विदेश से आए बौद्ध भिक्षुओं एवं अनुयायियों ने समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति में उपर पहाड़ी में स्थित 30 फीट उंची भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष बुद्ध वंदना एवं परित्राण पाठ किया।

अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन के इस तीर्थ स्थल पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, अध्यक्षता सांसद संतोष पांडे, विशिष्ट अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत एवं लालचंद बाफना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में सभा के माध्यम से विधिवत सामाजिक समरसता के साथ तथागत भगवान गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब आम्बेडकर को नमन करते प्रतिमा पर माल्यार्पण करते दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में ट्रस्ट के दिलीप वासनिकर, सुनील रामटेके, मधुकर जाम्बुलकर, भोजराम गौखेडे, प्रवीण भौरे, अनिल खोब्रागढे, सुरेश सहारे, अनिल खोब्रागढे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विजेन्द्र ठाकुर, हर्ष मेश्राम, संतोष भिमटे, शैलेष बडगे, अनिल साखरे, अनिल मेश्राम, मुन्नालाल नंदेश्वर, धीरज मेश्राम, शैलेन्द्र डोंगरे, सुनील नागदौने, सुरेश सहारे, श्रीनिवास राव, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, अनिकेत मेश्राम, करूणा डोंगरे, मयंक डोंगरे, अयश खांडेकर, संतोष लांजेवार, धन्नालाल गणवीर, संतोष रामटेके, सुबोध खोब्रागढे, अमन जनबंधु सहित बड़ी संख्या में उपासक-उपासिकाएं उपस्थित रहे।



### डोंगरगढ़ की बदल रही तस्वीर:सांसद

सांसद संतोष पांडे ने भी डोंगरगढ़ धर्मनगरी में 65 करोड़ के विकास कार्य सहित वॉय शेप ब्रिज, अंडरब्रिज सहित 35 करोड़ के अतिरिक्त स्वीकृत निर्माण कार्यों को सामने रखा एवं भविष्य में प्रज्ञागिरि के विकास के लिए भी केन्द्र एवं राज्य सरकार से निरंतर सहयोग मिलने की बात कही।

### शांति के प्रतीक थे गौतम बुद्धः सीएम

मुख्यमंत्री साय ने अतिथि के मंच से भगवान तथागत गौतम बुद्ध को शांति का प्रतीक बताते उनके एवं उनके अनुयायी डॉ. बाबा साहब आम्बेडकर के बताए मार्ग पर चलकर उनका अनुशरण करने की बात कहते अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध सम्मेलन की बधाई दी। उन्होंने तथागत गौतम बुद्ध एवं डॉ. बाबा साहब आम्बेडर के विचारों के साथ छग में धार्मिक, सामाजिक एवं धर्मनगरी के विकास के लिए स्वीकृत कार्यों एवं आने वाले समय में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी दी।

### खांडेकर ने जताया आभार

स्वागत भाषण देते प्रज्ञागिरि ट्रस्ट के अध्यक्ष व पूर्व विधायक विनोद खांडेकर ने भाजपा सरकार से मिलने वाले सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह एवं सांसद संतोष पांडे को धन्यवाद दिया। प्रज्ञागिरि में बने विपष्यना केन्द्र के साथ ही बाहर से आने वाले अनुयायियों के लिए 50 लोगों के रूकने के लिए सुविधाजनक कमरे की मांग भी की है एवं स्वीकृत सड़क मार्ग को सरकार की अच्छी पहल बताया है।

### पृष्ठ 9 के शेष

#### 13 माह में मोदी...

वरिष्ठ नेता रहे मौजूद- विजय संकल्प सभा के दौरान प्रदेश पदाधिकारी दयालदास बघेल, अवधेश चंदेल, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

महापौर प्रत्याशी मधुसूदन रहे उपस्थित- शहर में आयोजित भारतीय जनता पार्टी की चुनावी विजय संकल्प सभा के दौरान महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव ने भी क्षेत्र के मतदाताओं को संबोधित करते शहर के सभी वार्डों के भाजपा पार्षद प्रत्याशियों एवं महापौर पद पर स्वयं की जीत के लिए उनसे आशीर्वाद मांगा।

## नगर देवांगन समाज का 9 को युवक-युवती परिचय सम्मेलन

**राजनांदगांव।** नगर देवांगन समाज द्वारा मां परमेश्वरी महोत्सव एवं युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन 9 फरवरी को गोविंदराम निर्मलकर आडिटोरियम में सुबह 10 बजे से आयोजित है।

दो पालियों में होने वाले उक्त आयोजन में प्रथम पाली दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष होंगे। अध्यक्षता डॉ. ओमप्रकाश देवांगन करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडेय, विशिष्ट अतिथि भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव, भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा, भाजपा अध्यक्ष सुपेला भिलाई पुरूषोत्तम देवांगन, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, किशुन यदु, समाजसेवी पवन डागा, अरूण देवांगन होंगे। द्वितीय पाली में दोपहर ढाई बजे मुख्य अतिथि खनिज विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गिरीश देवांगन होंगे। अध्यक्षता महापौर हेमा देशमुख करेंगी। विशिष्ट अतिथियों में खादी ग्रामोद्योग पूर्व अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल, धनेश पटिला, जितेन्द्र मुदलियार, निखिल द्विवेदी पूर्व राज्य पर्यटन सदस्य, विरेन्द्र चौहान, कुलबीर छाबडा शहर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, चंद्रहास देवांगन अध्यक्ष नगर पंचायत अर्जुन्दा, नरेश डाकलिया पूर्व महापौर, चंद्रकला देवांगन, झम्मन देवांगन पूर्व एल्डरमेन होंगे।

### राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आज से

**भर्रेगांव।** ग्राम पारीखुर्द में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के 100वां स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में कल 7 एवं 8 फरवरी को कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन क्रीड़ा भारती छत्तीसगढ़ पहल एजुकेशन सोसायटी, नेहरू युवा केंद्र एवं ग्राम पंचयात पारीखुर्द के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है। पुरस्कार वितरण पुरुष वर्ग प्रथम 44444, द्वितीय 33333, तृतीय 22222, चतुर्थ 11111, महिला वर्ग प्रथम 11111, द्वितीय 7777, तृतीय 5555, चतुर्थ 3333 रखा गया है। आयोजन समिति द्वारा राज्य के समस्त टीमो क़ो भाग लेने की अपील की है।





By Train-रिजर्वेशन कोच
28 फरवरी से 08 मार्च 2025, 21 मार्च से 29 मार्च 2025, 11 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025, 09 मई से 17 मई 2025, 23 मई से 31 मई 2025, 06 जून से 14 जून 2025 (9 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
राशि:-स्लीपर 11,500/-, 3 एसी 20,500/-, 2 एसी 24,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411


# कांग्रेस अंतर्कलह से बुरी तरह जूझ रही, अब लोगों का विश्वास उठ गयाः मधुसूदन

**राजनांदगांव।** भाजपा के महापौर उम्मीदवार मधुसूदन यादव का धुंआधार जनसंपर्क अनवरत चल रहा है। वे निगम क्षेत्र के लगभग 45 से अधिक वार्डों में घूम-घूमकर मतदाताओं से सीधे संपर्क कर कमल फूल खिलाने का आग्रह कर चुके हैं। इस दौरान उन्हें जनता का अथाह प्रेम व समर्थन मिल रहा है। वे जहां भी जा रहे हैं गर्मजोशी के साथ लोग उनका स्वागत कर रहे हैं। वही उनके पिछले कार्यकाल को लेकर फिर से समर्थन करने का वायदा भी कर रहे हैं। श्री यादव सरदार वल्लभभाई पटेल वार्ड, कैलाश नगर वार्ड, विवेकानंद वार्ड, तिलक वार्ड, गंज लाईन भरकापारा, सुभाष वार्ड कामठी लाईन तथा रानी सूर्यमुखी वार्ड गुड़ाखू लाईन में घर-घर जाकर संपर्क किया।

इस दौरान पार्षद प्रत्याशी वर्षा ठक्कर, चंद्रशेखर लश्करे, अरुण दामले, राजेश जैन रानू, झमित नादान सेन, वर्षा शरद सिन्हा सहित दिनेश गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, गिन्नी चावला, कमल राजपूत, विट्ठल पटेल, अरविंद बैद, अनिल ठक्कर, जिग्नेश ठक्कर, ललित सेजपाल, आशीष शुक्ला, त्रिगुण टॉक, प्रहलाद सिन्हा, आशीष जैन, ज्ञानेश गुप्ता सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### बुनियादी सुविधाओं के लिए भी कोई योजना नहीं

भाजपा मीडिया सेल के अनुसार श्री यादव ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते कहा कि देश व प्रदेश में कांग्रेस की हालत खस्ता है। देश की राजनीति में जहां कांग्रेस हाशिये पर आ गई है। वहीं प्रदेश में भीषण आंतरिक कलह से जूझ रही है। पार्टी के बड़े नेताओं ने हो रही सिर फुट्व्वल से जनता के सामने इनकी हो रही किरकिरी देखने काबिल है। परिणामस्वरूप जनता का विश्वास इन पर से उठ चुका है। लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद देश में जहां-जहां विधानसभाओं के चुनाव हो रहे हैं, वहां-वहां इनकी गत देखने लायक है। स्थानीय निकायों की तो और बुरी गत है। बिजली, पानी, सड़क, सफाई जैसे बुनियादी समस्याओं के लिए भी न तो इनके पास कोई कार्ययोजना थी और न ही इन लोगों ने कुछ किया ही।


प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।



संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

चल संगी जाबो मतदान करें बर के नारों से मतदाताओं को कर रहे जन-जागरूक

# नगरी निकाय, त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान कराने चलाया जा रहा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर चल संगी जाबो मतदान करे बर, पहले मतदान फिर जलपान, छोड़ के अपने सारे काम सबसे पहले करो मतदान जैसे नारों से शहरी क्षेत्र से लेकर ग्रामीण क्षेत्रो तक मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। ज्ञात हो की नगरी निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए मतदाता जन-जागरूकता अभियान का आयोजन जोर शोर से किया जा रहा है।

जाबो कार्यक्रम के तहत इस अभियान का संचालन कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार संचालित हो रहा है। नगरी निकाय क्षेत्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन का प्रदर्शन कर मतदाताओं का ज्ञानवर्धन किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रमुख चौक चौराहा में मतदान के लिए शपथ दिलाकर लोकतंत्र के उत्सव में नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है।

इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में रैली निकालकर, सामूहिक रूप से शपथ लेते हुए, मुनादी के द्वारा महिला स्व सहायता समूह एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा घर-घर जाकर ग्रामीणों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोत्साहित कर रहे है। स्थानीय निर्वाचन 2025 में जिला अंतर्गत सभी 7 नगरीय निकाय क्षेत्रों में 11 फरवरी को मतदान होगा। इसी तरह विकासखंड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा क्षेत्र के ग्राम पंचायतो में 17 फरवरी को एवं विकासखंड पंडरिया एवं बोड़ला क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतो में 20 फरवरी को ग्रामीणों द्वारा मतदान किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा ने जिले के सभी नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वह निर्धारित तिथि को अपने मतदान केंद्र में पहुंचकर लोकतंत्र को मजबूत बनाने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें तथा लोकतंत्र के उत्सव में अपनी भागीदारी निभाएं।

**मतदाताओं को जागरूक करने निरंतर प्रयास किया जा रहा**




जाबो कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभाग मिलकर मतदाताओं को जागरूक करने निरंतर प्रयास कर रहे हैं। लोकतंत्र के इस महापर्व पर शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी की भागीदारी हो यह प्रयास किया जा रहा है। रैली के द्वारा रंगोली के माध्यम से, मेहंदी लगाकर, सार्वजनिक स्थानों पर नारा लेखन एवं अन्य गतिविधियों से लोगों को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने का कार्य हो रहा है। अजय कुमार त्रिपाठी ने भी जिले के गणमान्य नागरिकों से अपने मताधिकार का प्रयोग करने अपील की है।

# विधायक ने पंडरिया व इंदौरी में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में किया चुनाव प्रचार-प्रसार

## जनसंपर्क कर भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने अपील की

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

गुरुवार को पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने पंडरिया एवं इंदौरी के विभिन्न वार्ड में जनसंपर्क किया एवं जनसभा को संबोधित कर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार किया। इस दौरान श्रीमती बोहरा ने पंडरिया नगर पालिका भाजपा प्रत्याशी श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे व पार्षद प्रत्याशी के साथ वार्ड क्रमांक 16 आदिवासी नवापारा एवं वार्ड क्रमांक 17 सिसोदिया नगर एवं नवापारा वार्ड क्रमांक-5 तथा इंदौरी नगर पंचायत अंतर्गत भाजपा अध्यक्ष प्रत्याशी श्रीमती मित्रीन बाई महंगी लाल मांडले व पार्षद प्रत्याशी के साथ बड़े रगरा, वार्ड क्रमांक 14 एवं 15, मां महामाया मंदिर, वार्ड क्रमांक-4, 5, 6 एवं 7, नहर पारा, वार्ड क्रमांक-1 और चंडीपारा, वार्ड क्रमांक 8 एवं 9 में जनसंपर्क किया और सभी भाजपा प्रत्याशियों को वोट देने की अपील की गई।



उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षो में हमने हमारे नगरीय निकाय क्षेत्रों को एक आदर्श व मॉडल क्षेत्र के रूप में विकसित करने का संकल्प किया है। जनसुविधाओं का विस्तार तथा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए हम हर वो संभव प्रयास करेंगे जिससे नगरवासियों को सुविधा मिल सके। अटल संकल्प पत्र के साथ ही हमने नगरवासियों के लिए उनकी सुविधा और मांग के अनुरूप भी घोषणा पत्र जारी करने जा रहें हैं और यह केवल घोषणाएं नहीं बल्कि हमारा संकल्प है इन लक्ष्यों को प्राप्त करने का। पंडरिया, पांडातराई एवं इंदौरी नगर में विकास कार्यों एवं अधोसंरचना निर्माण के साथ ही हमने अपने संकल्प पत्र में महिला सुरक्षा, रोजगार एवं सशक्तिकरण, व्यापारियों के हित, बेटियों और युवाओं की शिक्षा, बहुप्रतीक्षित मांगों को पूरा करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण और क्षेत्र से जुड़े विषयों को लेकर लक्ष्य निर्धारित किए हैं।

हमें विश्वास है कि 11 फरवरी को होने वाले मतदान में जनता भाजपा के प्रत्याशियों के प्रति अपना विश्वास प्रकट करते हुए तीनों नगरीय निकाय क्षेत्रों में ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर क्षेत्र की प्रगति को तिगुनी रफ्तार से आगे बढ़ाने में अपनी जनभागीदारी सुनिश्चित करेगी।

# श्री हनुमान मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

विकासखण्ड पंडरिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में मंगलवार को आचार्य पं सागर तिवारी द्वारा भगवान बजरंगबली की विधि विधान से पूजन हवन एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया और बजरंगबली की महाआरती ग्रामवासी द्वारा एवं सभी के सहयोग से भोजन-प्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। जिससे ग्राम पंचायत पेंड्रीकला व ग्रामीणों में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत पेण्ड्रीकला व आसपास क्षेत्रवासी ग्रामीणों के सहयोग तथा पेंड्रीकला में बोलबम समिति, आजाद एकता समिति, लक्ष्मी दल समिति, मां कात्यायनी काली उत्सव समिति, बजरंग दल समिति एवं हमर भोरमदेव कला सेवा कल्याण समिति व समस्त ग्रामवासियों के विशेष योगदान कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** आचार्य 1008 जिन मनोज्ञसूरि जी म०सा० के शिष्य दुर्ग नगर के गौरव घोर तपस्वी वयोवृद्ध संत कल्पज्ञ सागर महाराज साहब का अस्वस्थता के चलते स्वर्गवास हो गया। वहीं आगर (मालवा) में पूज्य संत नमि महाराज सा० का आकस्मिक अवसान हुआ। इधर जोधपुर में ज्ञान गच्छाधिपति पू० प्रकाश चंद महाराज साहब के शिष्य पूज्य गुलाब मुनि महाराज का महाप्रयाण हो गया। 24 घंटे के अंतराल में तीन-तीन महापुरुषों का विछोह जैन जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। बुधवार को जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ कवर्धा ने जैन मंदिर परिषर के चोपड़ा हाल में गुणानुवाद सभा आयोजित की। जिसमें श्रावक श्राविकाओ की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। सामूहिक महामंत्र नवकार के जाप के उपरांत जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ अध्यक्ष अजय टाटिया ने सभा का संचालन करते हुए त्रय मुनिराजो के प्रेरणामय कर्मठ आदर्श जीवन पर प्रकाश डाला। जैन श्री संघ कवर्धा के सदस्य लक्ष्मी चंद छाजेड़ ने अपने ताऊजी जिनका सांसारिक नाम किशनलाल छाजेड़ था उनके संदर्भ में बताया कि बड़े पापा का जन्म राजस्थान के बालेसर जिले के बलेवा ग्राम में हुआ था। समय के साथ पाप पंक से विरक्ति हुई और संयम मार्ग की ओर अग्रसर हो गए। वयोवृद्ध श्रावक भीषम चंद लूनिया ने अतीत के उनके पड़ोसी और वर्तमान में पूज्य गुलाब मुनि महाराज साहब के साथ बिताए गए अविस्मरणीय क्षणों को याद किया। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक संघ के पूर्व अध्यक्ष खुशाल टाटिया ने मुनी भगवंतो को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए शीघ्र चरम लक्ष्य मोक्ष को प्राप्त होने की कामना की। श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ मंत्री गेंदमल मोदी ने तीनों चारित्र आत्माओ को जिन शासन की शान निरूपित करते हुए कहा कि उनकी महिमा का बखान शब्द अलंकारो द्वारा नहीं किया जा सकता है। वे हमारे लिए सदैव प्रेरणा स्पद बने रहेंगे। नई पीढ़ी की नुमाइंदगी करते हुए दृढ़ धर्मी श्रावक विकास नाहर ने मुनि श्री का विस्तृत जीवन परिचय दिया तथा जीवन में आत्मसात करने का आव्हान किया। मंगल पाठ के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ मंत्री विजय लुनिया ने गुरु भगवंतो के के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।





## पौधरोपण से ग्रामीण क्षेत्र व वातावरण हो रहें हरा-भरा, मां भारती अकेडमी समिति की सराहनीय पहल



**हरिभूमि कोलेगांव।** मां भारती अकेडमी समिति द्वारा लगातार तीन वर्ष की कड़ी परिषम का फल तथा मेहनत एवं देखरेख के कारण क्षेत्र में 50 से अधिक पौध रोपण किए गए जो कि वर्तमान में पेड़ के रूप में विकसित हो रहे है। जिसमें मां भारती अकेडमी समिति द्वारा क्षेत्र में पीपल, बरगद, जामुन व नीम का पौधरोपण किया गया था, मां भारती अकेडमी समिति की कड़ी मेहनत व लगातार देख-रेख के बदौलत सभी पेड़ सुरक्षित हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार आने वाले वर्ष में मां भारती अकेडमी समिति द्वारा सैकडों की संख्या में पौधरोपण का संकल्प लिया, जिसमें समिति द्वारा नदी किनारे, व आसपास क्षेत्र में पर्यावरण को शुद्ध साथ ही साथ नदी के बहाव के कारण कटाव तथा पशु-पक्षी व शुद्ध वातारण के लिए मां भारती अकेडमी समिति पौधरोपण किया जाएगा। इस पौधरोपण कार्यक्रम में मां भारती अकेडमी व ग्रामीण कुंवर सिंह यदु के विशेष सहयोग से आओ हम सब संकल्प एक पौधरोपण करे ताकि वातावरण शुद्ध बने रहें।

# पिपरिया शाला में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन

- विजयी प्रतिभागियों को शील्ड व पेन-पेंसिल देकर किया सम्मानित।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया

पिपरिया। पिपरिया पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला में वार्षिक खेल महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर खेल को विधिवत प्रारंभ किया गया। बैंड की धुन और खेल परेड का भी आयोजन हुआ। शाला के सभी बच्चों को टीम गंगा और टीम यमुना में बांटकर खेलों के संगम का महाकुंभ मनाया गया। दोनों ही टीमों के पहचान स्वरूप टीम गंगा को पीली जर्सी एवं टीम यमुना को गुलाबी जर्सी प्रदान किया गया। इन्हीं रंगों के ध्वज भी इनके पहचान के लिए रखा गया। छात्र-छात्राओं ने विभिन्न एकल खेलों जैसे दौड़ 100 मीटर, 200 मीटर,आलू दौड़, सुरीली कुर्सी, गोली चम्मच, फुगड़ी आदि के साथ-साथ सामुहिक खेलों जैसे कबड्डी, खो-खो आदि में अपने कौशल प्रदर्शन किया। शाला के मार्गदर्शक रोशन सिंह परिहार द्वारा टॉस कर कबड्डी खेल की शुरुआत की।

खेल के पश्चात सामुहिक नृत्य प्रतियोगिता, पहाड़ा प्रतियोगिता, रंगोली, मेहंदी आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के पश्चात पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि माध्यमिक शाला पथर्रा के सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रामरतन शर्मा, अध्यक्षता पीएमश्री प्रधान पाठक विनोद चंद्रवंशी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक चंद्रमौली शर्मा, पूर्व प्रधान पाठक शिवकुमार चंद्रवंशी, प्रताप सिंह मंडलोई उपस्थित थें। खेल निर्णायक के रूप में प्रेमिश कुमार शर्मा शिक्षक प्राथमिक शाला कान्हाभैरा एवं कौशल प्रसाद खांडे शिक्षक माध्यमिक शाला मक्के रहे। शाला के शिक्षकों रोहित साहू, सुनील चंद्रवंशी व भागवत साहू ने अलग अलग खेल के प्रभारी की भूमिका निभाई। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा शील्ड मेडल व पेन पेंसिल देकर पुरुस्कृत किया गया।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जॉच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटो का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी
अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट
देखे 10 फरवरी के अंक में
महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर
प्रथम पुरस्कार
1 तोला, 5 नग
सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार
1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार
2 नग
रेफ्रिजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार
3 नग
LED TV
सांत्वना पुरस्कार
1100
नियम व शर्तें लागू
नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

**खबर संक्षेप**

## पदोन्नत प्रधान पाठक को दी गई विदाई

**कवर्धा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला दौकाबांधा में पदस्थ परम सुन्दर लाल नाविक के प्रधान पाठक पद पर पदोन्नत होने पर विद्यालय स्तर पर भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल प्राचार्य संजय कैवर्त, संकुल समन्वयक सनत कुमार तिवारी, माध्यमिक शाला धनोरा के प्रधान पाठक वीरेंद्र चंद्रवंशी, माध्यमिक शाला खैरवार के गौवकरण ढ़ालेश्वर, जैतपुरी की प्रधान पाठिका श्रीमती हेमलता शर्मा एवं प्रधान पाठक त्रिलोक चंद्रवंशी, सुरेश मरकाम, भूपेंद्र चंद्रवंशी, नरेंद्र सर्वे, गेगड़ा से वीरेंद्र चंद्रवंशी, अनिल सिंह, नारद कौशिक आदि उपस्थिति थे। सभी ने पदोन्नत प्रधान पाठक के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 60 अभ्यर्थियों को आबंटित किए गए चुनाव चिन्ह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए अभ्यर्थियों को आज चुनाव चिन्ह आबंटित करने की कार्रवाई की गई। जिले के 14 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में नाम वापसी के अंतिम दिनों में 34 अभ्यर्थियों ने अपना नाम वापस लिया। नाम वापसी की प्रक्रिया के बाद रिटर्निंग अधिकारी, जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी गजेन्द्र साहू, श्रीमती रश्मि दुबे ने आज 14 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्र के लिए 60 अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया। निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से अंजू मेरावी को दो पत्ती छाप, दीपा पप्पू धुर्वे को उगता सूरज छाप, किरण टेकाम को पतंग छाप, राधा ललित धुर्वे को छाता छाप, सरस्वती पुसाम को गाड़ी छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 से अन्नपूर्णा रामगोपाल चंद्राकर को दो पत्ती छाप, अनुसुइया मनीराम साहू को उगता सूरज छाप, उत्तरादेवी गोकुल साहू को पतंग छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 से अमर बंजारे को दो पत्ती छाप, रामकुमार भट्ट को उगता सूरज छाप, सुधांशु बघेल को पतंग छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 4 से राजेश्वरी धृतलहरे को दो पत्ती छाप, रेखा रामायण कुर्रे को उगता सूरज छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 5 से अमृता नरेश निर्मलकर को दो पत्ती छाप, दीपिका संजय चंद्रवंशी को उगता सूरज छाप, पूर्णिमा मनीराम साहू को पतंग छाप, राधा नारद चंद्रवंशी को छाता छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से जगनी कामू बैगा को दो पत्ती छाप, ललिता रूपसिंह धुर्वे को उगता सूरज छाप, रमौतीन राजकुमार चेचाम को पतंग छाप, शुभौतिन मरकाम को छाता छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 से गंगा बाई लोकचंद को दो पत्ती छाप, गीता राजू पटेल को उगता सूरज छाप, सोनकुंवर साहू को पतंग छाप जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक से अमरसिंह कुशरे को दो पत्ती छाप, प्रभाती मरकाम को उगता सूरज छाप, राजकुमार मेरावी को पतंग छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से अनुसुइया भुनेश्वर पटेल को दो पत्ती छाप, बेदीन बाई हजारी लाल टंडन को उगता सूरज छाप, सुमित्रा विजय पटेल को पतंग छाप, तारा लहरे को छाता छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 10 से कैलाश चंद्रवंशी को दो पत्ती छाप, मोहन साहू को उगता सूरज छाप, प्रदीप चंद्राकर को पतंग छाप, सत्यप्रकाश बौद्ध को छाता छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 11 से भुनेश्वर कौशिक को दो पत्ती छाप, दिनेश चंद्रवंशी को उगता सूरज छाप, कमला निषाद को पतंग छाप, किरण टूमम्न साहू को छाता छाप, शिवप्रसाद साहू को गाड़ी छाप, तुकेश्वर साहू को फावड़ा और बेलचा छाप, वीरेंद्र कुमार साहू को बिजली का बल्ब छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 से बलराम सिंह ठाकुर को दो पत्ती छाप, भानुप्रताप कुंजन निषाद को उगता सूरज छाप, हेमराज कौशिक को पतंग छाप, मोहित सिंह को छाता छाप, रामफल कौशिक को गाड़ी छाप, रोशन दुबे को फावड़ा बेलचा छाप, श्यामाबाई रतनलाल साहू को बिजली का बल्ब छाप, सुरेखा गंधर्व को सिलाई मशीन छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से चंपा रूपेश वर्मा को दो पत्ती छाप, राजकुमारी राजेंद्र साहू को उगता सूरज, सुमन मोहित सिंह को पतंग छाप, तारा सुखनंदन साहू को छाता छाप, जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 14 से आनंद कुमार मेरावी को दो पत्ती छाप, भाई हुकूमत साहू को उगता सूरज छाप, ईश्वरी साहू को पतंग छाप, कलीम भाई को छाता छाप, रामकृष्ण साहू को गाड़ी छाप, शरद वर्मा को फावड़ा बेलचा छाप चुनाव चिंन्ह आबंटित किया गया है।

### 34 अभ्यर्थियों ने वापस ली अपनी उम्मीदवारी

नाम वापसी के आखिरी दिन यानी 06 फरवरी 2025 को जिला पंचायत सदस्य के लिए 34 अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली। नाम वापसी की प्रक्रिया के तहत इन अभ्यर्थियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का निर्णय लिया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025, जिला पंचायत सदस्य के निर्वाचन में उम्मीदवारी वापस लेने वाले अभ्यर्थी में क्षेत्र क्रमांक 02 से मिथलेश्वरी चंद्राकर, सती बाई, क्षेत्र क्रमांक 03 से अरविंद पात्रे, राजेन्द्र कुमार मारकंडे, दुर्गेश कुर्रे, क्षेत्र क्रमांक 04 से कांतिनद किशोर सेन्ड्र, क्षेत्र क्रमांक 05 से शांति साहू, क्षेत्र क्रमांक 06 से कुमारी बाई उईके, छबि बाई धुर्वे, क्षेत्र क्रमांक 07 से मोना जायसवाल, राजकुमारी साहू, नेमबाई साहू, मिना पाली, क्षेत्र क्रमांक 08 से संतराम धूर्वे, क्षेत्र क्रमांक 09 से रमैयाबाई, क्षेत्र क्रमांक 10 से राजेश शुक्ला, इंद्राणी चंद्रवंशी, क्षेत्र क्रमांक 11 से लालचंद साहू, राधे साहू, कुंजराम साहू, राजेश साहू, देवकुमारी चंद्रवंशी, रामकुमार सिन्हा, आशीष चंद्रवंशी, गौरी साहू, क्षेत्र क्रमांक 12 से जितेन्द्र सिंह राजपुत, सच्चिदानंद कौशिक, क्षेत्र क्रमांक 13 से खिलेश्वरी साहू, रागिनी साहू, क्षेत्र क्रमांक 14 से दोहाराम साहू, भुखनलाल साहू, लीलाधर साहू, मोहनराम साहू, मदन साहू ने अपनी उम्मीदवारी वापस ली है। इस कार्रवाई के बाद अब त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के लिए के लिए कुल अभ्यर्थियों की स्थिति स्पष्ट हो गई है।



**निर्विरोध चुनाव:** ग्राम पंचायत चचेड़ी के ग्रामीणों ने रचा इतिहास

# सरपंच सहित सभी वार्डों के पंचों का किया गया निर्विरोध चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



इस बार जिले में सम्पन्न हो रहे त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत कवर्धा की आदर्श ग्राम पंचायत चचेड़ी ने सचमुच आदर्श स्थापित कर नया इतिहास रच डाला है। इस ग्राम पंचायत में पंचायत चुनाव के पूर्व ही ग्राम सरपंच से लेकर सभी 11 वार्डो के पंचों का निर्विरोध चुनाव कर लिया गया है। जिसे लेकर निर्विरोध चुने गए पंचायत के जनप्रतिनिधियों के साथ ही ग्रामीणों में भी भारी उत्साह व खुशी देखने को मिल रही है। दरअसल निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए निर्धारित कार्यक्रम के तहत नामांकन दाखिले की प्रक्रिया के बाद 06 फरवरी को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। बताया जाता है कि इस प्रक्रिया के बाद ग्राम पंचायत चचेड़ी से श्रीमती पल्लवी राघवेन्द्र शर्मा को सरपंच पद के लिए निर्विरोध चुन लिया गया। इसी प्रकार ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 1 से मोहन चन्द्राकर, वार्ड क्रमांक 2 से अंजोरा चन्द्राकर, वार्ड क्रमांक 3 से दिलीप डिडोरे, वार्ड क्रमांक 4 से जुगम बाई, वार्ड क्रमांक 5 से निर्मला चन्द्रवंशी, वार्ड क्रमांक 6 से निर्मला धुर्वे, वार्ड क्रमांक 7 से धर्मेंद्र निर्मलकर, वार्ड क्रमांक 8 से हेमप्रकाश चंद्राकर, वार्ड क्रमांक 9 से राजीम बाई, वार्ड क्रमांक 10 से सुखु बाई तथा वार्ड क्रमांक 11 से संजय चन्द्रवशी को पंच चुना गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि ग्राम पंचायत चचेड़ी में निर्विरोध पंचायत प्रतिनिधियों के चुनाव की पटकथा पहले ही लिखी जा चुकी थी। इसके लिए मुख्य रूप से बिशाल तिवारी, व्यास नारायण तिवारी, रामावतार तिवारी, चंद्रभूषण मिश्रा, मधुबन तिवारी, धर्मेंद्र तिवारी, हरीश तिवारी, अजय शर्मा, प्रदीप तिवारी, देवानंद सोनी, मेघश्याम चन्द्रवंशी, अयोध्या चन्द्रवंशी, सुखदेव चंद्राकर, हरी चन्दारकर, अजय चन्द्रवशी एवं समस्त ग्रामवासियों ने एक राय होकर तथा आपसी सहमति से पंचायत के सरपंच तथा पंचों का निर्विरोध चुनाव करने का निर्णय लिया और इसे संभव की कर दिया।

### पहली बार निर्विरोध चुनी गई सरपंच



स्थानीय ग्रामीणों की माने तो ग्राम पंचायत चचेड़ी के इतिहास में यह पहली बार है कि जब पंचायत राज अधिनियम लागू होने के बाद सरपंच का चुनाव ग्रामवासियों की आपसी सहमति से निर्विरोध किया गया और सर्वसम्मति से पल्लवी राघवेन्द्र शर्मा का चुनाव सरपंच के रूप में किया गया। इसे अलावा पंचायत के सभी वार्डो के पंच भी निर्विरोध चुने गए है जो वास्तव में आपसी समाजिक, समरसता के साथ लिया गया बड़ा फैसला है। जिसे लेकर गांव मे खुशी का माहौल देखा जा रहा है। ग्रामीणों ने निर्विरोध चुनी गई ग्राम सरपंच सहित सभी पंचों को गाजा, बाजा, रंग गुलाल, फूल माला से भव्य स्वागत कर रैली निकाली। पंचायत प्रतिनिधियों ने भी इस जनसमर्थन के लिए ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

# लगातार जोर पकड़ रहा है जिले में नगरीय निकाय का चुनाव प्रचार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जैसे-जैसे नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान की तिथि करीब आ रही है जिले के नगरीय निकायों के दंगल में अपनी किस्मत आजमाने उतरे प्रत्याशियों का चुनाव प्रचार तेज होते जा रहा है।

आलम ये है कि विभिन्न राजनैतिक व गैर राजनैतिक दलों के प्रत्याशी सुबह से लेकर देरशाम तक अपने-अपने समर्थकों की टोली के साथ वार्डो का सघन दौरा कर अपनेन्अपने ढंग से समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। वैसे तो नगरीय निकाय चुनाव की यह गहमागहमी जिले की नगरीय निकाय पंडरिया, पाण्डातराई, बोड़ला, पिपरिया, सहसपुर लोहारा तथा इंदौरी में भी देखी जा रही है लेकिन सार्वधिक धमाचौकड़ी कवर्धा नगर पालिका के सभी 27 वार्डो में मची हुई है। यहां इस बार जहां अध्यक्ष पद के लिए भाजपा प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी, कांग्रेस प्रत्याशी संतोष यादव, आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी अजय पाली तथा निर्दलीय प्रत्याशी प्रकाश सिंह अपनी किस्मत आजमा रहे हैं वहीं नगर पालिका के कुल 27 वार्डो से 71 पार्षद प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतरे हैं। नगर पालिका के चुनावीरण में मुख्य रूप से सत्ता रूढ़दल भाजपा तथा विपक्षी दल कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशियों के बीच सीधा मुकाबला है जो अपनी-अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए एढ़ी चोटी का जोर लगाते देखे जा रहे हैं। यही वजह है कि गत 31 जनवरी को चुनाव चिन्ह आबंटन के बाद से जोर पकड़ चुका नगरीय निकाय का प्रचार लगातार गति पकड़ रहा है और अब इस चुनाव प्रचार में अपने-अपने दल के अधिकृत प्रत्याशियों को जीत दिलाने राजनैतिक दलों के दिग्गज भी कूदने लगे हैं। लेकिन इन सब के बीच फिलहाल ये कह पाना की चुनाव प्रचार में कौन आगे है तथा किसका पड़ला भारी होगा जल्दबाजी होगी। माना जा रहा है कि इस बात फैसला 11 फरवरी को होने वाले मतदान के बाद 15 फरवरी को आने वाले परिणामों में ही होगा।

### भाजपा-कांग्रेस की साख दांव पर

यहां बताना लाजिमी होगा कि इससे पूर्व वर्ष 2019 में सम्पन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव कांग्रेस शानकाल के दौरान हुए थे। जिसमें कांग्रेस ने जिले के प्रायः सभी नगर पंचायतों सहित कवर्धा नगर पालिका में शानदार प्रदर्शन करते हुए शानदान जीत दर्ज की थी। हालांकि बीते वर्ष सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव के बाद परिस्थिति वश जिले के कुछ नगरीय निकाय कांग्रेस के हांथ से निकल गए थे और उनमें भाजपा का कब्जा हो गया था। लेकिन वर्तमान में हो रहे नगरीय निकाय चुनाव भाजपा और कांग्रेस के लिए साख का सवाल बने हुए हैं। वर्तमान में भाजपा सत्ता और व चाहेगी की जिले के सभी नगरीय निकायों में भी उनके ही प्रत्याशी जीत दर्ज करें वहीं कांग्रेस भी अपने 2019 के प्रदर्शन को दोहराना चाहेगी। यही वजह है कि दोनो ही राजनैतिक दलों द्वारा नगरीय निकाय चुनाव में एड़ी चोटी का जोर लगाया जा रहा है।

# ईव्हीएम मशीन के कमीशनिंग के लिए अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो की उपस्थिति में जिला कार्यालय के सभाकक्ष में नगरीय निकाय निर्वाचन के लिए ईव्हीएम कमीशनिंग के लिए प्रथम चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौड़ो ने कहा कि निर्वाचन के लिए कमीशनिंग कार्य सबसे अहम कड़ी है। निर्वाचन कार्य के अबाधित एवं सुचारू रूप से संपादन के लिए कमीशनिंग कार्य का पूर्ण गुणवत्तापूर्वक किया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग के दौरान उचित ढंग से सिलिंग करने कहा। उन्होंने कहा कि कमीशनिंग का कार्य महत्वपूर्ण और संवेदनशील है। इसे गंभीरतापूर्वक करने की आवश्यकता है। इस दौरान पंडरिया एसडीएम संदीप ठाकुर, कवर्धा सुश्री आकांक्षा नायक, डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त, सुश्री हर्षलता वर्मा, सहायक संचालक एमके गुप्ता उपस्थित थे। डिप्टी कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री गीता रायस्त ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 के अंतर्गत 11 फरवरी को मतदान कार्य किया जाएगा। इसके लिए उपयोग में आने वाली ईव्हीएम मशीनों का कमीशनिंग के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इनमें बैलेट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट मशीन का कमीशनिंग किया जाना है। उन्होंने अधिकारियों को कमीशनिंग कार्य को उचित ढंग से करने निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों को उनके दायित्व और जिम्मेदारी से अवगत कराया।

# मतदाताओं को मतदाता पर्ची का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 की तैयारियों के तहत जिला प्रशासन द्वारा मतदाताओं को उनकी मतदाता पर्ची का वितरण किया जा रहा है। मतदाता पर्ची वितरण अभियान का उद्देश्य मतदाताओं को उनके मतदान केंद्र की जानकारी देने और निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं प्रभावी बनाने के लिए किया जा रहा है। कलेक्टर ने यह भी सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक मतदाता को समय पर पर्ची मिल सके, ताकि मतदान की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की गलती न हो। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि यह प्रक्रिया सभी मतदाताओं तक पहुंचे, इसके लिए प्रशासन द्वारा विशेष पहल की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि हर मतदाता को उसकी पर्ची घर-घर पहुंचाई जा रही है, ताकि मतदान में किसी प्रकार की असुविधा न हो। साथ ही, पर्ची में मतदाता के नाम, मतदान केंद्र का नाम और उसका स्थान स्पष्ट रूप से उल्लिखित किया गया है। इस अभियान के तहत मतदाता पर्ची के वितरण में प्रशासन, आगनबाड़ी कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव लोकतंत्र की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया में से एक है, और इस बार मतदाता पर्ची वितरण की प्रक्रिया को और अधिक व्यवस्थित तरीके से किया जा रहा है ताकि कोई मतदाता मतदान से वंचित न रहे। प्रशासन ने यह भी अपील की है कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का सही उपयोग करें और मतदान केंद्र पर समय पर पहुंचकर अपने मत का प्रयोग करें। मतदाता पर्ची वितरण के इस अभियान से चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के साथ-साथ चुनाव में भागीदारी को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे नगरीय निकाय चुनाव 2025 को सफल और निष्पक्ष बनाया जा सके।

### निर्विरोध चुनाव...




**कवर्धा।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत गुरूवार को नाम वापसी के बाद जपं कवर्धा क्षेत्र क्रमांक 8 से गणेश तिवारी निर्विरोध जपं सदस्य चुने गए। उनके निर्विरोध जपं सदस्य चुने जाने से समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया।

**शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली में कार्यक्रम आयोजित**

# राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वय सेवकों का किया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिजई



शहीद नरेन्द्र शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रवेली के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवकों का सम्मान कार्यक्रम प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी के तैल्य चित्र पर पुष्पांजलि तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी कक्षा 12 वीं के 40 वरिष्ठ स्वयंसेवकों को स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर उनका सम्मान किया गया जो कि उनका स्कूल शिक्षा का अंतिम वर्ष है। यह सम्मान स्वयं सेवकों को 2 वर्ष यानि 240 घंटे से ज्यादा राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक के रूप में कार्य करने पर दिया जाता है। विद्यार्थी शिक्षा के साथ समाज में, गांव में जन जागरुकता कार्यक्रम कर समाज की सेवा का कार्य करते है इसके फलस्वरूप उनका मनोबल बढ़ाने के लिए सेवा के प्रतिफल स्वरूप यह सम्मान उन्हें प्रदान किया जाता है। साथ में उनके डायरी मूल्यांकन, रासेयो से संबंधित साक्षात्कार कर ए प्रमाण पत्र के लिए प्राचार्य द्वारा अनुशंसा करके हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग प्रेषित किया जाएगा। इसी कड़ी में जिला स्तरीय शिविर में भाग लेने वाले चार स्काउट गाइड प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्कूल में स्थित अटल टिंकरिंग से कक्षा 11 वीं से 3 छात्रा, गोदावरी, दुर्गेश्वरी प्रियंका ने स्मार्ट हिल रोड्स मॉडल बिलासपुर में प्रदर्शन किया था वहां से प्राप्त प्रमाण पत्र विद्यार्थियो को प्रदान किया गया। तथा पूरे शैक्षणिक सत्र में बिना अनुपस्थित विद्यालय आने वाली कक्षा 9 वीं की छात्रा जितेश्वरी कुर्रे को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। स्मृति चिन्ह, मेडल और प्रशस्ति पत्र पाकर विद्यार्थियो का चेहरा खिल उठा। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी जितेंद्र कुमार राजपूत, व्याख्याता संस्था के प्राचार्य कुमार सिंह साहू, वरिष्ठ व्याख्याता महेंद्र कुमार श्रीवास, वीरेंद्र कुमार शर्मा, विजय कुमार चंद्रवंशी, किशन लाल सत्यवंशी, सुश्री राधिका मंडावीं, मनोहर सिंह धुर्वे के साथ दल नायिका राधिका साहू, गोदावरी साहू, दलनायक सूर्यकमार पात्रे, पीयूष जायसवाल, स्वयंसेवक गंगा साहू, सुप्रिया साहू, आरती, स्नेहा, गीतांजलि, देवकुमार, सागर, मंगल चौहान, नीतीश, सीमा, बबीता, दीपाली, किरण के साथ सभी स्वयं सेवक और विद्यार्थी उपस्थित थे। अंत में प्राचार्य के द्वारा सभी विद्यार्थियो को वार्षिक परीक्षा के अच्छे से तैयारी करने की सुझाव के साथ उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# डायमंड जुबली जम्बूरी में कबीरधाम के स्काउट्स गाइड्स ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



डायमंड जुबली जम्बूरी में कबीरधाम जिले से 10 स्काउट्स, गाइड्स तथा स्काउट मास्टर सम्मिलित हुए। डायमंड जुबली जम्बूरी का आयोजन तमिलनाडु स्थित त्रिची, मन्नापराई में किया गया। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की स्थापना के 75 वें वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में डायमंड जुबली जम्बूरी आयोजित की गई। इसमें देश विदेश से लगभग 15 हजार की संख्या में स्काउट आंदोलन से जुड़े लोग शामिल हुए। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, छत्तीसगढ़ से 200 की संख्या वाले दल ने राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव की अगुवाई में राज्य सचिव कैलाश सोनी के निर्देश पर भागीदारी की। डायमंड जुबली जम्बूरी में कबीरधाम जिले से स्काउट मास्टर संजू जायसवाल के नेतृत्व में सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पांडातराई से स्काउट टेकेन्द्र साहू, सागर साहू, जितेंद्र साहू, प्रियांशु चंद्रवंशी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरौनी से गाइड समीक्षा चंद्रवंशी, तमन्ना कौशिक, स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय कवर्धा (सिग्नल चौक) से गाइड प्राची चंद्रवंशी, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंडरिया से गाइड करिश्मा साहू, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रक्से से गाइड आयुषी जंघेल ने भागीदारी की। प्रतिभागियों ने पेजेंट शो, फिजिकल डिस्पले, मार्चपास्ट, कैम्प क्राफ्ट, कैम्प फायर, राज्य प्रदर्शनी, स्किल ओरामा, लोक नृत्य, फूड प्लाजा, पेट्रोल इन काउंसिल, एडवेंचर सहित अन्य गतिविधियों में भाग लिया।